दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 233 | जयपुर | शुक्रवार , 27 जून, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में रचा इतिहास

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचा शुभांशु का यान देशवासियों को किया नमस्कार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** डॉकिंग से पहले, ड्रैगन अंतरिक्ष यान को आईएसएस के साथ अपनी कक्षा को सावधानीपूर्वक सिंक्रोनाइज़ करना था, जिससे स्थिति और गति दोनों का मिलान हो सके। इस जटिल प्रक्रिया को रेंडेज़्वस के रूप में जाना जाता है फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के अट्ठाईस घंटे बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए, क्योंकि गुरुवार को मिशन सफलतापूर्वक ऑर्बिटिंग प्रयोगशाला से जुड़ गया। यह मील का पत्थर भारत के लिए मानव अंतरिक्ष यान में विजयी वापसी का प्रतीक है, जो 1984 में राकेश शर्मा के अग्रणी मिशन के 41 साल बाद आया है।

डॉकिंग से पहले, ड्रैगन अंतरिक्ष यान को आईएसएस के साथ अपनी कक्षा को सावधानीपूर्वक सिंक्रोनाइज़ करना था, जिससे स्थिति और गति दोनों का मिलान हो सके। इस जटिल प्रक्रिया को रेंडेज़्वस के रूप में जाना जाता है, इसके बाद कैप्सूल को स्टेशन के साथ संरेखित करने और कनेक्ट करने के लिए अत्यधिक सटीक युद्धाभ्यास का क्रम होता है। सबसे पहले, एक %सॉफ्ट



#### आईएसएस पहुंचने के बाद कैसा महसूस कर रहे हैं शुभांशु

शुभांशु शुक्ला ने स्वागत समारोह में कहा, मैं 634वां अंतरिक्ष यात्री हूं। यहां पहुंचना मेरे लिए गर्व की बात है। आप सबके प्यार और आशीर्वाद से मैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचा हूं। खड़ा रहना आसान लग रहा है, लेकिन सिर थोड़ा भारी महसूस हो रहा है, हालांकि ये छोटी समस्याएं हैं, हम धीरे-धीरे इसके आदी हो जाएंगे। यह यात्रा का पहला कदम है।

#### अगले 14 दिन बेहद खास होंगे- शुभांशु शुक्ला

शुभांशु शुक्ला ने बताया कि अगले 14 दिनों तक वे और उनके साथी वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे और पृथ्वी पर लोगों से संवाद भी करेंगे। यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा का भी एक अहम पड़ाव है। मैं लगातार आपसे जुड़ा रहूंगा। इस सफर को हम सब मिलकर रोमांचक बनाएंगे। मैं तिरंगा लेकर आया हूं और आप सभी को अपने साथ लेकर आया हूं। अगले 14 दिन बेहद खास होंगे।

कैप्चर% की पुष्टि की गई, जो एक लचीले प्रारंभिक संपर्क का संकेत देता है जिसने अंतरिक्ष यान की गतिज ऊर्जा को सुरक्षित रूप से अवशोषित किया। कुछ ही क्षणों बाद, नासा मिशन कंट्रोल ने एक %हार्ड कैप्चर% की पुष्टि की, जिससे कैप्सूल आईएसएस के हार्मनी मॉड्यूल पर सुरक्षित रूप से लॉक हो गया

जैसे ही शुभांशु शुक्ला ने सफलतापूर्वक अंतर्राष्टीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा, उनके गौरवान्वित परिवार ने पृथ्वी से इस महत्वपूर्ण क्षण को देखा। अपने बेटे को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचने वाला पहला भारतीय बनते देख, परिवार को आज बाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने की उम्मीद है। मिशन पायलट के रूप में सेवारत शुक्ला के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका की मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन और पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ सावोज़ उज्नान्स्की और हंगरी के टिबोर कापू भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस मिशन के साथ ही पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री भी पहली बार आई.एस.एस. पहुंचे हैं।

डॉकिंग से पहले कक्षा से भेजे गए एक भावनात्मक संदेश में, शुक्ला ने भारतीयों को अंतरिक्ष से नमस्कार कहकर अभिवादन किया।

# राजस्थान में अब स्टूडेंट्स की डिमांड पर होंगे एग्जाम

### दिन और सब्जेक्ट चुन सकेंगे, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की नई पहल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान में अब स्टूडेंट्स को एग्जाम के लिए वेट नहीं करना पड़ेगा। स्टूडेंट्स की डिमांड पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा जुलाई से इस प्रक्रिया की शुरुआत की जा रही है। इसके बाद स्टूडेंट ऑन डिमांड पसंदीदा सब्जेक्ट का एग्जाम दे सकेगा। बता दें की हर साल करीब 1.50 लाख स्टूडेंट्स स्टेट ओपन स्कूल (10वीं और 12वीं) के लिए रजिस्टर्ड होते हैं।माध्यमिक शिक्षा विभाग के निवर्तमान निदेशक आशीष मोदी ने बताया- जुलाई महीने से राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल में स्टूडेंट्स को ऑन डिमांड एग्जाम की सुविधा दी जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए डिजिटल तकनीक से सॉफ्टवेयर और एडमिशन प्रणाली के साथ ही क्वेश्चन बैंक तैयार कर लिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंद देवजी मंदिर में बदलेगी दर्शन व्यवस्था



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में अब हर रविवार, एकादशी, कार्तिक महीने और प्रमुख त्योहारों पर दर्शन की व्यवस्था बदली गई है। खाटू श्यामजी, सांवलिया सेठ और सालासर बालाजी मंदिर जैसी दर्शन व्यवस्था गोविंद देवजी मंदिर में भी लागू की जा रही है। इसमें श्रद्धालु लगातार चलते हुए दर्शन कर सकेंगे।मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और दर्शन में लगने वाले समय को देखते हुए पुलिस प्रशासन से चर्चा कर यह व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने सुगम दर्शन व्यवस्था का पोस्टर लॉन्च किया। उन्होंने बताया- महीने में कम से कम 6 दिन इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलेगा। सभी से व्यवस्था में सहयोग की अपील की।

### इटावा में कथावाचक की पिटाई पर बवाल, फायरिंग



बढ़ता राजस्थान

**इटावा ( एजेंसी )।** इटावा में यादव कथावाचक की पिटाई को लेकर बवाल हो गया। गुरुवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया। कथावाचक पर मुकदमा और नेता गगन यादव को नजरबंद किए जाने के विरोध में नारेबाजी की। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत करा दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर हाईवे पर दादरपुर गांव के बाहर जमा हो गए। यह वही गांव है, जहां 22 जून को यादव कथावाचक और उसके दो साथियों की ब्राह्मणों ने पिटाई की थी।सूचना पाकर पुलिस दादरपुर गांव पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को समझाना चाहा, तो नोकझोंक हो गई। तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई। इंस्पेक्टर ने पिस्टल निकालकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा।दावा है- पुलिस की तरफ हवाई फायरिंग भी की गई। यहां पुलिस ने 19 लोगों को हिरासत में लिया है। 13 गाड़ियां सीज की हैं।

### महेश-जोशी की जमानत पर हाईकोर्ट जज का सुनवाई से इनकार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में जेल में बंद पूर्व मंत्री महेश जोशी की जमानत याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिल उपमन की अदालत ने मामले में एक्ससेप्शन (सुनवाई से इनकार) ले लिया। अब जुलाई में दूसरी बैंच में मामला सुनवाई के लिए लगेगा। महेश जोशी ने ईडी मामलों की विशेष अदालत द्वारा 13 जून को जमानत खारिज करने के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। इस पर आज सुनवाई नहीं हो सकी।इससे पहले ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जमानत खारिज करते हुए कहा था- आरोपी पर गंभीर आरोप हैं। मामले में अभी जांच लंबित है। ऐसे में जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है।जमानत पर बहस करते हुए ईडी की ओर से कहा गया था कि महेश जोशी के पास ठेकेदारों से रिश्वत की राशि पहुंचती थी। मामले में कई बड़े ठेकेदार गिरफ्तार हो चुके हैं। अभी भी ठेकेदार महेश मित्तल और अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच लंबित है।

# प्लेन क्रैश का सच अब आएगा सामने, ब्लैक बॉक्स डेटा सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी और विमान के निर्माण की स्थिति से नामित एजेंसी, अमेरिका स्थित राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 के ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिए गए हैं और वर्तमान में दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो प्रयोगशाला में उनका विश्लेषण किया जा रहा है। 13 जून की दुर्घटना के बाद, ढ्क्क ने अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप अपने महानिदेशक के नेतृत्व में एक बहु-विषयक जांच दल का गठन किया। इस दल में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी और विमान के निर्माण की स्थिति से नामित एजेंसी, अमेरिका स्थित राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।



कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) दोनों ही दुर्घटना स्थल पर पाए गए। पहला 13 जून को छत पर पाया गया, जबकि दूसरा 16 जून को मलबे से बरामद किया गया। प्रक्रिया के अनुसार, उपकरणों को अहमदाबाद में चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था।

# भजनलाल बोले- जोधपुर के मिर्ची-बड़े को नहीं भूल पाओगे

### हॉल में बैठे लोग हंस पड़े; कहा- पंजा मत दिखाइए, इसने तो देश को गंजा कर दिया




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** जोधपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यहां से जाओगे तो मिर्ची बड़े को नहीं भूल पाओगे। इस पर हॉल में बैठे लोग हंस पड़े और तालियां बजाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्राम दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित समारोह में शामिल हुए।यहां जयश्री राम के नारे लगाए तो कई लोगों ने हाथ दिखाया। इस पर सीएम ने चुटकी लेते हुए कहा पंजा मत दिखाइए, हनुमानजी की मुष्ठिका दिखाओ। इस पंजे ने तो देश को गंजा कर दिया।जोधपुर-नागौर रोड पर स्थित आईआईटी में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों में डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों, नई पहलों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

#### जिसकी फटी नहीं बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई...

कांग्रेस पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के उस दौर में कई ऐसे परिवार थे, जिनमें पिता जेल में चले गए, बेटे के दायित्व बन गया, उनके सामने संघर्ष की स्थिति थी। लेकिन, वो बिल्कुल भी नहीं डरे। कई बच्चों की पढ़ाई छूट गई, कईयों की शादी छूट गई। ये कोई भूलने वाला विषय है क्या? उन्होंने कहा कि जिनकी फटी नहीं बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई...।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं का हो प्रभावी समाधान-डिस्कॉम्स चेयरमैन

## वॉटसएप पर फोटो मंगवाकर जांची रीडिंग की सत्यता

बढ़ता राजस्थान



खैरथल-तिजारा। डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यवधान रहित विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्युत कनेक्शन तथा लोड एक्सटेंशन जैसी आमजन से जुड़ी पत्रावलियां अटकें नहीं।

सुश्री डोगरा ने गुरूवार को भिवाड़ी सर्किल में विभिन्न कार्यालयों तथा ग्रिड सब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अभियंताओं को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी एनसीआर से जुड़ा महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। यहां की औद्योगिक इकाइयों से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व मिलता है। ऐसे में इन इकाइयों को सतत् एवं पूरे वोल्टेज से पावर सप्लाई के साथ ही सेवाओं की सुगम अदायगी सुनिश्चित की जाए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान भिवाड़ी में फीडरों की ट्रिपिंग को लेकर भी समीक्षा की। टपूकड़ा एईएन कार्यालय में खुशखेड़ा तथा कारोली औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति तथा संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अभियंताओं को औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए औद्योगिक एसोसिएशनों के साथ सतत् संवाद के निर्देश भी दिए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने टपूकडा में कुछ प्रकरणों में रीडिंग की पुष्टि के लिए फीडर इंचार्जों को पुन: संबंधित उपभोक्ता के यहां भेजा और उपभोग की गई यूनिट की फोटो वॉट्सएप पर मंगवाकर पूर्व में ली गई रीडिंग की सत्यता की जांच की। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व अर्जन के लिए शत-प्रतिशत बिलिंग जरूरी है।

सुश्री डोगरा ने कहा कि ओएंडएम के अभियंता एचटीएम (हाई टेंशन मेंटिनेंस) विंग के साथ समन्वय कर औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित सब स्टेशनों तथा फीडरों का नियमित निरीक्षण करें, जिससे कि इनमें आवश्यक तकनीकी सुधार किए जा सकें। ट्रिपिंग की समस्या वाले फीडरों में लोड की प्रभावी प्लानिंग करें। कहीं नए फीडर अथवा जीएसएस की आवश्यकता है, तो उसकी अभी से योजना तैयार कर लें।

उन्होंने एईएन कार्यालय भिवाड़ी में न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से लंबित कनेक्शन प्रकरणों की जानकारी ली और आरडीएसएस योजना के तहत 33 केवी जीएसएस नौगामा का अवलोकन भी किया।

# श्री राधाकृष्ण जी हनुमान जी मंदिर झींपीया का 27 जून को पाटोत्सव आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण जी हनुमान जी मंदिर - झींपीया का 27 जून शुक्रवार को पाटोत्सव आयोजित किया जाएगा।श्री राधाकृष्ण जी हनुमान जी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. राधेश्याम उपाध्याय ने बताया कि उक्त मंदिर के पाटोत्सव ( त्रयोदश ) के तहत 27 जून, शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से भगवान श्री राधाकृष्ण जी हनुमान जी पंचामृत अभिषेक व दोपहर 12.15 बजे महाआरती होगी। तथा दोपहर 1 बजे से प्रसादी कार्यक्रम रखा गया है।मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. राधेश्याम उपाध्याय ने धर्म प्रेमियों से उक्त धार्मिक महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

# सदर थाना पुलिस ने रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सवाई



माधोपुर जिले के वजीरपुर थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी रवि यादव के रूप में हुई है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया-पीड़िता ने 10 जून को मामला दर्ज कराया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पिछले कई वर्षों से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, कांस्टेबल संजय और प्रधान शामिल थे। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

# देवनारायण बोर्ड गुरुकुल योजना परीक्षा में राहुल ने मचाया धमाल, ऑल राजस्थान में 9वीं रैंक और जिले में प्रथम स्थान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम टोरडा गुजरान के राहुल पुत्र ताराचंद गुर्जर ने देवनारायण बोर्ड गुरुकुल योजना परीक्षा में ऑल राजस्थान में 9वीं रैंक और कोटपूतली-बहरोड़



जिला क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्राम का नाम रोशन किया है। राहुल की इस उपलब्धि से उनके परिवार और ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। राहुल की माता गृहणी और पिता ताराचंद गुर्जर एक निजी महाविद्यालय में शिक्षक हैं। उन्होंने राहुल की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। राहुल के पिता ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रखता था और उसने कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की है। राहुल के दादाजी बंशीधर गुर्जर (पंच) ने राहुल को आशीर्वाद दिया और कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर अपने परिवार और ग्राम का नाम रोशन करें। बंशीधर गुर्जर ने कहा कि राहुल की इस उपलब्धि से पूरे ग्राम को गर्व है और वे आगे भी राहुल के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। राहुल ने हाल ही में विगत दिनों देवनारायण बोर्ड से सैनिक स्कूल समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर माता-पिता समेत ग्राम का नाम रोशन किया है। राहुल की इस सफलता से स्पष्ट है कि वह एक मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र है। राहुल ने बताया कि वह आगे भी कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करेगा। राहुल की इस उपलब्धि से ग्रामवासियों में एक नई उम्मीद जगी है और वे आगे भी राहुल के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# प्रॉपर्टी एसोसिएशन द्वारा तहसीलदार परिहार का स्वागत एवं सम्मान

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)। जिले के शाहपुरा, प्रॉपर्टी एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष राजेन्द्र बोहरा के नेतृत्व में आज तहसील कार्यालय शाहपुरा में नवपदस्थापित तहसीलदार श्रीमान भीवराज जी परिहार का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष महेंद्र झवर, मीडिया प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंधी, विधि सलाहकार एडवोकेट शरीफ मोहम्मद,रामप्रसाद गुर्जर, धनराज जीनगर, विनीत बुनकर,देवीलाल खटीक, राजू कायमखानी, लक्ष्मीनारायण कोली सहित अनेक प्रॉपर्टी एसोसिएशन के सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रॉपर्टी एसोसिएशन ने तहसीलदार महोदय को शाहपुरा क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से भी अवगत कराया तथा प्रशासन और एसोसिएशन के बीच सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# शाहपुरा से गढ़बोर चारभुजा तक यात्रा पर निकले आचार्य जगतगुरु रामदयाल जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** अंतर्राष्ट्रीय रामसनेही संप्रदाय के आचार्य जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज का आज रामद्वारा परिसर स्थित डोन में थाल लगाकर स्वागत किया गया और प्रसादी ग्रहण की गई। इसके पश्चात आचार्य श्री शाहपुरा से दंडवत प्रणाम करते हुए गढ़बोर चारभुजा जी के चातुर्मास हेतु भीलवाड़ा के लिए रवाना हुए।आचार्य श्री 26 जून रात्रि विश्राम भीलवाड़ा में करेंगे। 27 व 28 जून को चित्तौड़गढ़, 29-30 जून को रेलमगरा, 1 जुलाई को राजनगर व केलवा, और 2 जुलाई को केलवाड़ा में रात्रि प्रवास रहेगा।3 जुलाई को प्रात: 8:00 बजे केलवाड़ा से गढ़बोर चारभुजा जी के लिए भव्य पदरावणी कार्यक्रम आयोजित होगा। आचार्य श्री का चातुर्मास 3 जुलाई से 3 अक्टूबर तक गढ़बोर चारभुजा में रहेगा, जहां धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विद्वान संतों के प्रवचन होंगे।

# खटीक मोहल्ला में कुत्ते पर तलवार से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** शाहपुरा के खटीक मोहल्ला में बीती रात एक निर्दोष कुत्ते पर तलवार से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी मुकेश,संदीप,राजू है। तीनों आरोपी शाहपुरा की उदयभान कॉलोनी के निवासी हैं।सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने बिना किसी उकसावे के एक बेबस कुत्ते पर तलवार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।पुलिस उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। घटना से पशु प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है।

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और खेल क्षेत्र की 183 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## सुभाष चंद्र बोस शिक्षण समूह की ओर से आयोजित हुआ सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



साहवा (कृष्ण कुमार)। कस्बे में संचालित सुभाष चंद्र बोस शिक्षण समूह की ओर से बोर्ड परीक्षा और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह डॉ. रणधीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा और खेल क्षेत्र की कुल 183 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन करमचंद नैण, विशिष्ट अतिथि वैध दुलीचंद ज्यानी, देवकरण कस्वा, रोहिताश सैनी, रूपाराम गोदारा, रामकुमार सिहाग, डॉक्टर श्रवण स्वामी, बंशीराम कस्वा, लालचंद बंसल, कृष्णलाल बोहरा, महेंदर खान कुम्हार, माडूराम आदि गणमान्य लोग थे। समारोह में पधारे सभी अतिथियों का सुभाष चंद्र शिक्षक समूह की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले और खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न एवं पुरस्कार स्वरूप सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में पधारे विद्यार्थियों के अभिवावकों और अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस शिक्षण समूह की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना करते हुए शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सह निदेशक गुरुदत्त सिंह ढाका, धर्मचंद भाकर, अल्का, धनपत गोदारा, राजू नाई, राकेश सैनी, दयाराम जांगिड़ आदि विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी और अभिवावक उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा 29 जून को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा आगामी 29 जून रविवार को स्थानीय कस्बे में बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा इस्कॉन वृन्दावन के परम पूज्य राधेश्यामानन्द स्वामी महाराज के सान्निध्य में गणेश मंदिर से कस्बे के प्रमुख रास्तों से होते हुए रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा सायं 3 बजे प्रारम्भ होगी, जिसमें भगवान जगन्नाथ की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा। कपिल प्रभु एवं डॉक्टर विशाखा शर्मा ने बताया कि पावटा कस्बे में सर्व प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन पावटा द्वारा निकाली जा रही शोभायात्रा में सभी भक्तगण भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर आशिर्वाद ग्रहण करेंगे। शोभायात्रा के बाद सायं 6:30 बजे कथा का आयोजन होगा, जिसमें भगवान जगन्नाथ की महिमा और उनके अवतार की कथा सुनाई जाएगी। इसके बाद सायं 7:30 बजे प्रसादम् का आयोजन होगा, जिसमें सभी भक्तगण भगवान का प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजक युधिष्ठर दास ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की भक्ति और उनके अवतार की महिमा को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी भक्तगणों से आग्रह किया है कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और भगवान जगन्नाथ की कृपा प्राप्त करें।

# टोरडा-गुजरान के ग्रामीणों ने एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम टोरडा-गुजरान में पानी की किल्लत ने ग्रामीणों की जिंदगी को बेहाल कर दिया है। विगत 15 दिनों से चल रही इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सरपंच समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इस भीषण गर्मी में पानी की भयंकर परेशानी से जानवर ही नहीं आमजन भी परेशान हैं। ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं होने से उन्होंने पावटा उपखंड मुख्यालय पर एसडीएम कपील कुमार उपाध्याय और कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन देकर पानी जैसी मूलभूत समस्या का अतिशीघ्र समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द पानी की समस्या का समाधान करें, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस दौरान डेलिगेट रामकरण गुर्जर, पंच दिलबाग, मनीष भार्गव, बिट्ठू, रेहिताश, रमेश चंद, कैलाश, कर्मवीर आर्य, माडूराम, सुभाष, सुवालाल, विमला देवी, संतोष देवी समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखी और जल्द समाधान की मांग की।

# एमजेएफ लायन ओपी मंगल प्रांत 3233 ई प्रथम के सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233ई प्रथम का सत्र 24-25 का भव्य पुरस्कार एवं सम्मान समारोह भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रांत पालों की पंक्ति में शामिल प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा की अध्यक्षता में एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक पीएमजेएफ लायन टी व्ही श्रवणकुमार के मुख्य आतिथ्य में वृंदावन के एक वातानुकूलित आडिटोरियम में आयोजित किया गया । प्रांत में 200 से अधिक क्लब 23 रीजन एवं 69 जोन चेयरपर्सन सहित लगभग 6500 सदस्य हैं।

विगत 37 साल से लायंस क्लब सहित विभिन्न सेवाभावी संगठनों के माध्यम से पीड़ित मानवता के लिए सेवा गतिविधियों में सहभागिता निभा रहे लायंस क्लब हिंडौन सेंट्रल के 11 बार अध्यक्ष रह चुके मुख्य सलाहकार एवं डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर एमजेएफ लायन ओपी मंगल को सहधर्मिणी लायन विनय मंगल के साथ खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रांत के आउटस्टैंडिंग लीडर आफ डिस्ट्रिक्ट के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया । इस अवसर पर लायन विनय मंगल को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक टी व्ही श्रवणकुमार, सहप्रांतपाल द्वितीय निर्वाचित लायन राजेन्द्र सिंह मदान ,पीडीजी मानक चंद गुप्ता अलवर, पीडीजी प्रभा सिंघी जयपुर, पीडीजी विष्णु गोयल गुना, प्रांतीय मेंटोर पीएमजेएफ अशोक ठाकुर शिवपुरी, अवार्ड कमेटी मुख्य सलाहकार पीडीजी लायन सुनील गोयल ग्वालियर, प्रांतीय सचिव पीएमजेएफ लायन के सी शर्मा सहित राजस्थान एवं मध्यप्रदेश प्रांत से 1000 प्रतिनिधि उपस्थित थे।लायंस क्लब हिंडौन सेंट्रल के अध्यक्ष लायन अनिल बंसल सहित सभी सदस्यों ने क्लब के वरिष्ठतम साथी लायन ओपी मंगल को यह सर्वोत्तम सम्मान देने के लिए एवं स्थाई शीतल जल मंदिर के लिए पचास हजार का आर्थिक सहयोग देने , बाढ़ के समय एलसीआईएफ से ग्रांट दिलवाकर भोजन सामग्री एवं वस्त्र वितरण करवाने के लिए प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा का क्लब आम सभा बुलाकर धन्यवाद प्रस्ताव पास करके धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कोटपूतली नगर परिषद आयुक्त पद पर धर्मपाल जाट ने पुन: सम्भाला कार्यभार

## विगत 20 मई को स्वायत शासन निदेषालय (डीएलबी) ने किया था एपीओ, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण ने डीएलबी के एपीओ आदेष पर दिया स्थगन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नगर परिषद में गुरूवार को प्रषासनिक हलचल देखने को मिली। जहां लगभग एक माह पूर्व एपीओ किये गये आयुक्त धर्मपाल जाट ने एक बार पुन: अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उल्लेखनीय है कि विगत 20 मई को स्वायत शासन निदेषालय (डीएलबी) ने तत्कालीन जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की प्रषासनिक रिपोर्ट पर विभिन्न अनियमितताओं का हवाला देते हुये आयुक्त जाट को मुख्यालय में उपस्थिति देने का आदेष देते हुये एपीओ कर दिया था एवं यहां पर आयुक्त का कार्यभार बहरोड़ नगर परिषद के आयुक्त नूर मौहम्मद को सौंपा गया था। हालांकि डीएलबी द्वारा आयुक्त पद पर किसी भी अधिकारी को नहीं लगाया गया था। वहीं दुसरी ओर एपीओ किये गये आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा डीएलबी के आदेष के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर पीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी। उक्त अपील पर विगत 23 जून को अधिकरण के अध्यक्ष विकास सीतारामजी भाले व सदस्य लेखराज तोसावड़ा की डबल बैंच ने सुनवाई करते हुये इसे स्वीकार कर डीएलबी के आदेष पर स्थगन आदेष जारी किया है। साथ ही आयुक्त जाट को वहीं कार्यरत रखे जाने के आदेष भी दिये, जहां वे पूर्व में कार्यरत थे। इस पर गुरूवार को नगर परिषद पहुंचकर आयुक्त जाट ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रैस से बातचीत में उन्होंने कहा कि शहर की कायाकल्प करने पर उनका फोकस रहेगा। इस सम्बंध में विभिन्न व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिये आयुक्त जाट द्वारा नगर परिषद कार्मिकों को सख्त आदेष जारी किये गये। उल्लेखनीय है कि लगभग एक माह बाद आयुक्त जाट की इस पद पर पुन: वापसी हुई है।

# सड़क हादसों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास हों सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये निर्देश, कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई जिला यातायात प्रबंधन समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लागाने के लिए रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के साथ-साथ जयपुर में ट्रेफिक जाम को लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

जिला कलक्टर ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अधिकारियों को सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर भारत सरकार के नये नोटिफिकेशन के अनुसार स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगाने, राजमार्गों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निवारण करने एवं जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग सहित रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लघनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क




विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर मिडियन कट्स को बंद करने एवं फ्लाइओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के के निर्देश दिये हैं। उन्होंने दुर्घटना के संभावित स्थानों पर व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये।

बैठक में ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग करने, रूट उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने, टोल नाके पर शराब या नशा कर के चलाने वाले वाहन चालकों को पकड़ने तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगाने सहित सड़क सुरक्षा के तमाम उपाय करने आदि पर भी चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त यातायात श्री शाहीन सी., अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोटपूतली में गूंजा नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो का संदेश

## निकाली रैली, जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर कोटपूतली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और नशा मुक्त समाज की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाना रहा। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुये नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्कूली छात्र-छात्रायें, शिक्षाविद्, समाजसेवी, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुये। रैली के दौरान युवाओं ने हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां लेकर नशा एक जहर है'', जवानी को बचाओ नशे से दूर जाओ'', जैसे बुलंद नारों के साथ आमजन को जागरूक किया। कार्यशाला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विपिन शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुये नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके सामाजिक और मानसिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि कैसे नशा धीरे-धीरे युवाओं को आत्मनिर्भरता से आत्मविनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि यदि समय रहते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाली पीढ़ियां इसका बड़ा खामियाजा भुगतेगी। कार्यशाला में नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका, सरकारी योजनाओं, परामर्श सेवाओं और परिजनों की भागीदारी पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। रैली और कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर छात्रों ने नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और चित्रकला व स्लोगन लेखन के माध्यम से संदेश दिया कि नशे से दूरी ही जीवन की सच्ची उपलब्धि है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और अपने आसपास के समाज को भी इससे बचाने का प्रयास करेंगे।



# मंत्रालय कर्मचारियों ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद(भामस)कोटपूतली-बहरोड़ के समस्त मंत्रालय कर्मचारियों ने नव पद स्थापित जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक प्रकाश चन्द मीणा के कार्यग्रहण करने पर माला एवं साफा पहनकर स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी खुशी और सम्मान का इजहार किया। जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में मंत्रालय कर्मचारी उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष लीलाधर लंबोरा, जिला महामंत्री पृथ्वी सिंह यादव और अन्य पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कर्मचारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति अपना सम्मान और समर्थन व्यक्त किया। सभी ने उम्मीद जताई कि जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे और विभागीय कार्य में सुधार होगा। स्वागत समारोह में दीपक चंद सैन, महेश कुमार यादव, हवासिंह यादव, मनोज यादव, धनपत स्वामी, सुभाष स्वामी, रामावतार मीणा, शारदा यादव, विकास यादव और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत में अपना योगदान दिया।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्त भारत अभियान के एक्टिविटी कैलेंडर के अनुसार जून माह के तीसरे सप्ताह में नई किरण नशा मुक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत गुरूवार 26 जून को प्राचार्य डॉ आर. के. सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। डॉ. सिंह ने नशे से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त रहने का आह्वान करते हुये बताया कि नशे से मुक्त रहकर व्यक्ति ना केवल अपने स्वस्थ जीवन का निर्माण कर सकता है, बल्कि वह एक स्वस्थ एवं मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण भी कर सकता है।



# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, जनकल्याण की अनुगूंज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** अंत्योदय की प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान सरकार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 का आयोजन राजस्थान के ग्रामीण परिदृश्य में 24 जून से 9 जुलाई तक प्रतिदिन 09:30 बजे से 05:30 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर कर रही है। यह अभियान न केवल सरकारी योजनाओं का धरातलीकरण है बल्कि जनकल्याण की अनुगूंज भी हैं। इन शिविरों में सरकार गांवों की चैपालों तक पहुंच रही है और अंतिम छौर पर बैठे व्यक्ति का सरकारी योजनाओ के माध्यम से कल्याण का कार्य भी कर रही है। अभियान को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जनहितैशी श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप जिले में सफल बनाने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में पूर्ण सक्रियता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ जनहित के कार्य शिविरों में किए जा रहे हैं। पखवाड़े का मूल उद्देश्य-सेवा, सरलता और सरोकाररू- यह केवल एक पखवाड़ा नहीं है बल्कि राज्य सरकार की जन-सेवा की प्रतिबद्धता का एक जीवन्त उदाहरण है। इसमे शासन और प्रशासन एकजुट होकर जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कर रहे है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की परिकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करना इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। पखवाड़े के आयोजन की पूर्व तैयारियों के रूप में शिविर लगाने से पहले क्षेत्रीय सर्वेक्षण कर जरूरतमंदों की पहचान कर ली गई है ताकि पखवाड़े के दौरान सरकार के 16 विभागों की विभिन्न बहुआयामी सेवाओं को आसानी से आम जन तक पहुँचाया जा सके।

# छत्रपति शाहुजी महाराज की जयंती का भव्य आयोजन

## आरक्षण के जनक के रूप में जाने जाते हैं छत्रपति शाहुजी महाराज : दीपचंद आर्य

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी दीपचंद आर्य के मुख्य आतिथ्य और कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष दीवान चंद जोया की अध्यक्षता में छत्रपति शाहुजी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बलवंत सिंह रेवाला, धर्मचंद सैनी और कैलाश चंद मोरोडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी दीपचंद आर्य ने कहा कि छत्रपति शाहुजी महाराज को आरक्षण के जनक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कोल्हापुर महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरियों में आरक्षण देने का क्रांतिकारी कदम उठाया था। उनके आदर्शों को अपनाकर हमें समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दीवान चंद जोया ने कहा कि छत्रपति शाहुजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने के लिए काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बलवंत सिंह रेवाला, धर्मचंद सैनी और कैलाश चंद मोरोडिया ने कहा कि छत्रपति शाहुजी महाराज ने अपने जीवनकाल में समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं को दूर करने के लिए काम किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए और समाज के वंचित वर्गों के लिए काम किया। शाहुजी महाराज के आदर्शों को अपनाकर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। इस दौरान प्रमोद आर्य, राजेश वर्मा, संजय यादव, मालाराम गुर्जर, बुधराम आर्य, रोहिताश बाल्मिक, गजेंद्र वर्मा, सरदार सिंह, दीनदयाल भागोतिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए यूनिट जिला कोटपूतली बहरोड के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।





## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा

क्रमांक:488 दिनांक:-19.6.2025


**निविदा सूचना संख्या ) 09/2025-26 खण्ड मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी एवं सी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईटों साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB code - | PWD2526A1461 |
| 1 - | PWD2526WSOB05025 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा**


# राजस्थान पुलिस का साइबर अपराध पर नकेल: हर थाने में 'साइबर हेल्प डेस्क' और नए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर शुरू,



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के बीच राजस्थान पुलिस ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। महानिदेशक पुलिस राजस्थान डॉ रविप्रकाश मेहरड़ा के मार्गदर्शन में अब राज्य के प्रत्येक पुलिस थाने में एक विशेष साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। यह पहल साइबर पीड़ितों को तत्काल सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। महानिरीक्षक पुलिस एससीआरबी शरत कविराज ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने साइबर डेस्क की स्थापना के अतिरिक्त साइबर अपराध की सूचना देने और त्वरित मदद पाने के लिए दो साइबर क्राइम हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर - 9256001930 और 9257510100 भी जारी किए गए हैं। अब साइबर धोखाधड़ी या अन्य किसी भी डिजिटल अपराध का शिकार होने पर मदद बस एक कॉल या मैसेज दूर है।

## विधानसभा अध्यक्ष की संसदीय पद्धतियों की अध्ययन यात्र

# विधानसभा अधिकारियों ने देवनानी की जयपुर पहुंचने पर की अगवानी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी की संसदीय परंपराओं और पद्धतियों की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के बाद गुरुवार को तीन बजे दिल्ली पहुंचे, जहां से वे वायुयान से जयपुर लौटे। जयपुर हवाई अड्डे पर देवनानी की विशिष्ट सहायक के के शर्मा के साथ विधानसभा के अधिकारियों ने अगवानी की। देवनानी ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वाधान में फ्रांस और जर्मनी की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अध्ययन के लिए यह यात्रा की। इस यात्रा के तहत देवनानी ने दोनों देशों के सदनों के अवलोकन के साथ वहां के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा भी किया। इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान देवनानी ने न केवल संसदीय संरचनाओं का अध्ययन किया, बल्कि भारतीय दृष्टिकोण से लोकतंत्र, सांस्कृतिक बोध और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत किया। देवनानी ने कहा कि इस अध्ययन यात्रा मैं उन्होंने भारत की चेतना को यूरोप की संसदों में स्पंदित होते अनुभव किया और राजस्थान की मिट्टी की महक वहाँ के लोकतंत्र में घुलती दिखी। राजस्थान केवल भौगोलिक इकाई नहीं बल्कि एक वैश्विक संस्कृति का वाहक है। उन्होंने लोकतंत्र के आधुनिक स्वरूप को भारत की परंपरा, सहिष्णुता, और सहभागिता के साथ जोड़ते हुए यूरोप में एक नया विमर्श आरंभ किया। देवनानी ने फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक संस्थानों का दौरा कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय कार्यप्रणालियों और सामाजिक विकास के विविध पहलुओं का अध्ययन किया। इस दौरान उन्होंने जर्मनी तथा फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवलोकन किया और वरिष्ठ सांसदों, नीति-निर्माताओं तथा भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। श्री देवनानी ने प्रवासी भारतीयों के सुझावों को सुना और संबंधित मंत्रीगण से उनके समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। यह यात्रा 'राजस्थान-2047= वैश्विक नेतृत्व की ओर' दृष्टिकोण के तहत राज्य के युवाओं, नीति-निर्माताओं और नागरिक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध एंव विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती)

### चतुर्थ तल, अकादमिक भवन, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान

Telephone No.0141-2554054, E-mail ID-Directorsametiatma@gmail.com

क्रमांक- SAMETI/ATMA/Bid/2025-26/4400 दिनांक:- 18.6.2025

**बिड सूचना संख्या-01/2025-26**

निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान समेती (आत्मा) दुर्गापुरा जयपुर वर्ष 2025-26 के लिए संस्थान में कम्प्यूटर मशीन विथ मैन पावर एवं मानव श्रम आपूर्ति कार्य हेतु इच्छुक बिडदाता अपनी बिड मोहर बन्द लिफाफों में (तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग-अलग लिफाफों में) दिनांक 30.6.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसकी अनुमानित लाग 885000/- (अक्षरे रुपए आठ लाख पिच्यासी हजार मात्र) है।

बिड रो सम्बन्धित समस्त शर्तें व निर्देश एवं बिड प्रपत्र राज्य सरकार की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व कृषि विभाग की वेबसाइट http://krishi.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं एवं डाउनलोड किया जा सकते हैं। प्राप्त बिड उसी दिन 3.00 बजे दोपहर बाद कार्यालय के द्वारा गठित उपापन कमेटी द्वारा खोली जावेगी।

**निदेशक, समेती (आत्मा)**

DIPR/C/8552/2025



## कार्यालय मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी उप जिला चिकित्सालय, देवली (टोंक)

क्रमांक:-निविदा/स्टोर/2025-26/61 दिनांक:-17-6-2025

**सीमित निविदा सूचना**

दिनांक 31.03.2026 तक के लिए उप जिला चिकित्सालय देवली पर लिनन आईटम की धुलाई करवाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| सेवा/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रु) | निविदा विक्रय करने की अन्तिम दिनांक व समय | निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| लिनन आईटनम की धुलाई सम्बन्धी कार्य | 195000 | 500 | 27.6.2025 प्रात: 11 बजे तक | 27.6.2025 दोपहर 1 बजे तक | 27.6.2025 सांय 2 बजे |

1. विस्तृत निविदा सूचना मय बोली दस्तावेज एमआरएस स्टोरकीपर से दिनांक 18.6.2025 से प्रात: 9.00 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं व राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय बोली प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में बन्द कर दोनों लिफाफों पर नामांकन (निविदा प्रपत्र या वित्तीय निविदा प्रपत्र) कर एक बडे लिफाफे में बन्द कर प्रस्तुत की जायेगी।
3. किसी भी निविदा/बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त कतरने की उपापन समिति का सर्वादिखार सुरक्षित है। ऐसा करने के कारण लेखबद्ध किये जाएंगे।
4. तकनीकी/क्वालिफाईड बिड दिनांक 27.6.2025 को दोपहर 2 बजे इस कार्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली उसी दिन खोली जायेगी।

**सदस्य सचिव**
**मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी,**
**उप जिला चिकित्सालय, देवली**

## सम्पादकीय

# बिहार में कांग्रेस फिर से काठ की हांडी के भरोसे

राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।

लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने से भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं सीखा है। देश में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे उठाने के बजाए पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ कर अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करने की नाकाम कोशिशों में जुटी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी को देश के मतदाताओं की नब्ज पकड़ में नहीं आई है। इतने चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस को यह समझ नहीं आया है कि आखिर देश के मतदाता चाहते क्या हैं। मतदाताओं की जरूरतों को समझने के बजाए कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने के प्रयास में मात खा रही है। महारष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों से यही लगता है कि कांग्रेस के पास मुद्दों की या समझ की कमी हो गई है।

कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जीवाड़े का आरोप लगा रही है। आश्चर्य यह है कि यही कांग्रेस जब कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीती तब निर्वाचन प्रक्रिया पर ऐसे आरोप नहीं लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर फिर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने 5 स्टेप में महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग की बात कही है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए उनके सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने एक अग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी ने अपने इस लेख को सोशल मीडिया पर शेयर किया।

राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा के साथ-साथ जदयू, हम सहित अन्य दलों ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिक्रिया दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट करार दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश है और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि चुनावी प्रक्रिया कैसे काम करती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता है। लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना है। जेडीयू नेता के सी त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग का जितना दुरुपयोग कांग्रेस ने अपने जमाने में किया है उतना किसी ने नहीं किया। मुख्य चुनाव आयुक्त एम एस गिल को सांसद बनाया और मंत्री बनाया।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 404 कांस्टेंटिनोपल में जॉन क्राइसोस्टोम के निष्कासन के बाद अर्सेसियस को कठपुतली आर्कबिशप नियुक्त किया गया।
- 678 सेंट अगाथो ने कैथोलिक पोप के रूप में कार्य शुरू किया।
- 992 कोनक्रेरुइल की लड़ाई में अंजु के फुलक द ब्लैक ने ब्रिटनी के कोनन प्रथम को हराया।
- 1192 अर्पाद राजवंश के राजा लैडिसलॉस ढ्ढ को रोमन कैथोलिक संत घोषित किया गया।
- 1358 रागुसा (वर्तमान डबरोवनिक) गणराज्य की स्थापना, जो एक प्रमुख समुद्री शक्ति बनी।
- 1542 जुआन रोड्रिगेज कैब्रिलो ने उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट की खोज के लिए मैक्सिको से यात्रा शुरू की।
- 1552 चारकास (वर्तमान सुक्रे, बोलीविया) में कैथेड्रल चर्च की स्थापना।
- 1580 ड्यूक ऑफ अल्वा की सेना ने पुर्तगाल पर कब्जा किया।
- 1598 डच अभियान मसाला मार्गों की खोज के लिए रॉटरडैम से रवाना, केवल एक जहाज वापस लौटा।
- 1652 न्यू एम्सटर्डम (वर्तमान न्यूयॉर्क) में उत्तरी अमेरिका का पहला गति सीमा कानून लागू।
- 1693 लंदन में पहली महिला पत्रिका लेडीज़ मर्करी का प्रकाशन।
- 1697 पोलिश संसद ने सैक्सोनी के ऑगस्ट को राजा चुना।
- 1709 पोल्टावा की लड़ाई में रूस के पीटर महान ने स्वीडन के चार्ल्स को हराया।
- 1743 डेटिंगन की लड़ाई में ब्रिटेन के जॉर्ज द्वितीय ने सेना का नेतृत्व किया।
- 1746 फ्लोरा मैकडोनाल्ड ने बोनी प्रिंस चार्ली को स्काई द्वीप पर बचाया।
- 1756 फ्रांसीसी बेड़े ने मिनोर्का के सेंट फिलिप्स महल पर कब्जा किया।
- 1759 ब्रिटिश जनरल जेम्स वोल्फ ने क्यूबेक की घेराबंदी शुरू की।
- 1778 लिबर्टी बेल फिलाडेल्फिया लौटी।
- 1789 फ्रांसीसी क्रांति- लुई ङ्क्ढ्ढ ने कुलीन और पादरी वर्ग को तीसरे एस्टेट के साथ मिलने का आदेश दिया।
- 1806 ब्रिटिशों ने ब्यूनस आयर्स पर कब्जा किया।
- 1833 प्रूडेंस क्रैन्डल को अश्वेत महिलाओं के लिए अकादमी चलाने के लिए गिरफ्तार किया गया।
- 1844 मॉर्मन नेता जोसेफ स्मिथ और उनके भाई हायरम की इलिनोइस में हत्या।
- 1847 न्यूयॉर्क और बोस्टन टेलीग्राफ तारों से जुड़े।
- 1857 कानपुर में बीबीघर नरसंहार में 120 ब्रिटिश महिलाओं और बच्चों की हत्या।
- 1857 जेम्स डोनेली ने पैट्रिक फैरेल की हत्या की, जिससे वह वांछित व्यक्ति बना।
- 1860 टोरंटो में क्वीन्स प्लेट घुड़दौड़ शुरू।
- 1864 कोलोराडो के गवर्नर ने मित्रवत भारतीयों को किलों में शरण लेने का आदेश दिया।
- 1867 बैंक ऑफ कैलिफोर्निया ने अपने दरवाजे खोले।
- 1893 न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भारी गिरावट।

## विशेष आलेख

# अमेरिका-इजरायल खामेनेई को सत्ता से हटाने में सफल हो पाएगें!



रामस्वरूप रावतसरे

**रजा अमेरिका में रहते हैं और खुद को ईरान के शासक के रूप में देखना चाहते हैं। 2016 में पहली बार जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने थे तो शाह ने ईरान में धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने और लोकतंत्र की बहाली की वकालत की थी। इसके बाद फिर जब ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बने तो पहलवी ने ईरान में लोकतंत्र की वकालत करते हुए पश्चिमी राष्ट्रों से उसके संबंध सुधारने पर जोर दिया था। अब जब इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो वह इजरायल का पक्ष लेते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि ईरान में अभी कई ऐसे लोग हैं जो इजरायल के इस कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं और खामनेई को सत्ताच्युत करना चाहते हैं।**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद 'मेक ईरान ग्रेट अगेन' ये बयान दिया था। दरअसल अमेरिका ऐसा कह कर ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना तलाश रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, सत्ता परिवर्तन शब्द का उपयोग करना राजनीतिक रूप से सही नहीं है, लेकिन अगर वर्तमान शासन ईरान को फिर से महान बनाने में समर्थ नहीं है, तो सत्ता परिवर्तन क्यों नहीं होगा??

अमेरिका ने ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई को सत्ता से हटाने की कई बार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोशिश की है। लेकिन मुस्लिम शिया धर्म के सुप्रीम लीडर खामेनेई को हटाना संभव नहीं हो सका। इस वक्त भी ईरान में सत्ता परिवर्तन की माँग उठ रही है। खुद खामेनेई के परिवार से इसकी माँग उठने लगी है।

महमूद मोरादखानी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के भतीजे हैं। वह 1986 में ईरान छोड़कर फ्रांस चले गए थे और निर्वासन की जिंदगी जी रहे हैं। महमूद मोरदखानी ने कहा है कि वह युद्ध के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन ईरानी सरकार का खात्मा ही यहाँ स्थायी शांति के लिए जरूरी है। महमूद मोरादखानी के अनुसार जो भी इस शासन को मिटा सके, वह जरूरी है। उनका मानना है कि कई ईरानी लोग खामेनेई के कमजोर होने से ईरान में खुश हैं। ईरान के पूर्व शहजादे रजा पहलवी ने भी शासन में बदलाव पर जोर दिया है। उनका कहना है कि तेहरान में सत्ता पतन जरूरी है। रजा पहलवी ईरान के अंतिम पहलवी शासक मोहम्मद शाह पहलवी के बड़े बेटे हैं। उनका परिवार अमेरिका में निर्वासन की जिंदगी गुजार रहा है। 1979 में देश छोड़कर भागे पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी इस वक्त काफी सक्रिय हैं।

रजा अमेरिका में रहते हैं और खुद को ईरान के शासक के रूप में देखना चाहते हैं। 2016 में पहली बार जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने थे तो शाह ने ईरान में धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने और लोकतंत्र की बहाली की वकालत की थी। इसके बाद फिर जब ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बने तो पहलवी ने ईरान में लोकतंत्र की वकालत करते हुए पश्चिमी राष्ट्रों से उसके संबंध सुधारने पर जोर दिया था। अब जब इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो वह इजरायल का पक्ष लेते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि ईरान में अभी कई ऐसे लोग हैं जो इजरायल के इस कार्रवाई का समर्थन कर रहे हैं और खामनेई को सत्ताच्युत करना चाहते हैं। माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में सत्ता परिवर्तन में रजा पहलवी को समर्थन दे सकते हैं और ईरान में लोकतंत्र की स्थापना की पहल कर सकते हैं। हालाँकि खामनेई ने अपने विकल्प के तौर पर तीन उत्तराधिकारियों को चुन लिया बताया जा रहा है। ये तीनों ही मौलवी हैं यानी ईरान को इस्लामिक राष्ट्र बनाए रखने की व्यवस्था खामेनेई ने कर दी है। ईरान में अभी कई संगठन एक्टिव हैं जो चाहते हैं कि सत्ता परिवर्तन हो। इनमें पीपुल्स मुजाहिदीन या मोजाहिदीन ए खल्क यानी एमईके, ग्रीन मूवमेंट प्रमुख हैं। एमईके ऐसा संगठन है जिसे गोरिल्ला युद्ध लड़ने में महारत हासिल है। लेकिन अमेरिका इसे नहीं पसंद करता क्योंकि ये संगठन रूस के नजदीक रहा है। अमेरिका विरोध के बावजूद खामेनेई को उखाड़ फेंकने की कोशिश में ये संगठन लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार खामेनेई ने ही इस संगठन को कुचला था। धीरे-धीरे खुद को खड़ा करने के दौरान संगठन अमेरिका के संपर्क में भी आ गया। इस दल के नेता को अल्बानिया में स्थापित करने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई। हालाँकि आज की तारीख में ये कहना काफी मुश्किल है कि संगठन ईरान की इस्लामिक सत्ता को उखाड़ फेंकने में सक्षम है। ग्रीन मूवमेंट ईरान में 2009 में सुर्खियों में आया। राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए संगठन ने आंदोलन चलाया। देश में लोकतांत्रिक सुधारों की बात करने वाला ये संगठन खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहता है और अक्सर विरोध प्रदर्शन करता रहता है। इस संगठन ने 2010 में बड़ा आंदोलन खड़ा किया था। इस्लामिक राष्ट्र का विरोध करने के कारण इसके आंदोलन को दबा दिया गया और इसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया। आज की परिस्थिति में ये उम्मीद करना मुश्किल है कि ये संगठन ईरान में इस्लामिक सत्ता को हटा सकता है।

ईरान में इस्लामिक शासन के दौरान वर्षों से महिलाओं का दमन किया जाता रहा है। हिजाब के खिलाफ महिलाएँ सड़कों पर उतरती रही हैं और सरेआम इसे उतार कर फेंकती रही हैं। विरोध प्रदर्शन में हिजाब जलाना, खामेनेई की तस्वीर जलाकर 'मुल्ला भाग जाओ' का नारा बुलंद करना आम रहा है। अब इन महिलाओं को खामेनेई को सत्ता से हटाने का विकल्प सामने दिखने लगा है। इधर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन पर बड़ा बयान दिया। उनका कहना है कि वो ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना चाहते हैं। वे सत्ता परिवर्तन नहीं चाहते।

अमेरिका और इजरायल के अलावा भी कई देश हैं जो खामेनेई को सत्ता से बेदखल होते हुए देखना चाहते हैं। इनमें इराक, सऊदी अरब, लेबनान, मिस्र जैसे पड़ोसी इस्लामिक देश भी शामिल हैं। दरअसल इन राष्ट्रों का झगड़ा शिया-सुन्नी को लेकर है।

# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार: शुभांशु शुक्ला की अमर उड़ान



प्रो. आरके जैन

**25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12.01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निवस्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)।**

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था—वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, और हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी—वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया।

25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12.01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निवस्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। 28 घंटे की रोमांचक यात्रा के बाद, ड्रैगन कैप्सूल 26 जून 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे आईएसएस से डॉक करने वाला है। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है।

शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



श्रीमती गीता साधवानी
(समाजसेविका)

नमस्कार साथियो हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार है गीता साधवानी जोकि एक समाजसेविका है साथ ही एक नेकदिल इंसान भी है। इनका जन्म 4 नवंबर 1973 को गुजरात के कच्छ में हुआ जहां आदर्श कन्या विद्यलय में इन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की उसके बाद उसके बाद अपनी कॉलेज एज्यूकेशन भी गांधीधाम से ही पूर्ण की। कॉलेज में होने वाली डांस, पेंटिंग, नृत्य, ड्रामा और शायरी जैसी हर प्रतियोगिता में भाग लेती थी। साथ ही दूसरो की मदद करने का स्वभाव इन्हें दूसरो से अलग बनाता है अपने इसी व्यवहार के कारण कॉलेज में गीता अपनी अलग ही पहचान रखती थीं। 1995 में अलवर में गोपी साधवानी के साथ इनका विवाह हुआ। इनका जीवन भी बहुत संघर्ष भरा रहा अपने पति का काम मे साथ देने के लिए करीब 10 साल अलग-अलग राज्यो में उनके साथ जाकर रही फिर समय का पहिया इनको इतने संघर्षो के बाद वापिस अलवर खींच लाया और सन 2013 से फिर ये अलवर आ गयी और स्वभाव वही मदद करने का, तो बस अलवर आकर समाजसेवा शुरू कर दी। गीता भारतीय सिंधु सभा मे महिला अध्यक्ष है, मैत्री क्लब में सचिव है, साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग, रोटरी क्लब शौर्य जैसी संस्थाओ में जुडकर समाज हित मे निरंतर कार्य कर रही है। गीता नृत्य और संगीत से विशेष प्रेम रखती है और इसकी वो अभी शिक्षा भी ले रही है अलवर आने के बाद विशेष रूप से इन्होंने सिंधी समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सिंधी सखी विकास समिति संस्था बनाई जिसमे समाज की महिलाओं को जोडकर समाज उत्थान के लिए कई कार्य किये। गीता बताती है की उनका व्यक्तिगत विचार है कि खुश रहे और दूसरों को कभी दु:खी ना करे, खुशियां बाटे की विचारधारा पर जी रही है। आज पूरे सिंधी समाज को इस महिला पर गर्व है जो कि अपने समाज और परोपकार से जुड़े हर काम के लिये हमेशा तैयार मिलती है। सच मे जो महिला अपने घर के कर्तव्यों के साथ साथ अपने समाज और सामाजिक परोपकारों का भी निर्वहन कर रही हो वो पूरे महिला समाज के आदर्श के रूप में जानी जाती है और ये वही शख्स है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम सलाम करती है ऐसी महिला को साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण | बढ़ता राजस्थान

# हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे यश जौहर, कभी मिठाई की दुकान पर देखते थे हिसाब-किताब

आज ही के दिन यानी की 26 जून को हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक यश जौहर का निधन हो गया था। यश जौहर की फिल्में हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान रखती थीं। आज उनकी लेगसी यश जौहर के बेटे करण जौहर संभाल रहे हैं।हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक यश जौहर का 26 जून को निधन हो गया था। उनको उभरते सितारों को निखारने वाले निर्देशक के रूप में भी जाना जाता था। यश जौहर की फिल्में हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान रखती थीं। भले ही आज यश जौहर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी फिल्में आज भी लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर यश जौहर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

ब्रिटिश शासन के दौरान पंजाब के लाहौर में 06 सितंबर 1929 को यश जौहर का जन्म हुआ था। वहीं देश का विभाजन होने के बाद उनकी फैमिली दिल्ली आकर रहने लगी। बताया जाता है कि यश जौहर के पिता ने दिल्ली आकर %नानकिंग स्वीट्स% के नाम से मिठाई की दुकान खोली थी। वहीं 9 भाई-बहनों से बड़े होने के कारण यश जौहर को उनके पिता ने मिठाई की दुकान पर बिठाया। इस दौरान वह दुकान का हिसाब-किताब देखा करते थे। जोकि यश जौहर को बिल्कुल भी पसंद नहीं था। एक दिन यश जौहर की मां ने उनसे कहा कि वह मिठाई की दुकान पर बैठने के लिए नहीं बने हैं, इसलिए बंबई जाकर अपने पसंद की जिंदगी जियो।

फिल्मी करियर की शुरूआत

बता दें कि साल 1952 में यश जौहर ने अपने करियर की शुरुआत सुनील दत्त के प्रोडक्शन हाउस अजंता आर्ट्स से की थी। इसके बाद वह सहायक निर्माता के तौर पर देवानंद के प्रोडक्शन हाउस नवकेतन फिल्म्स से जुड़ गए। इस दौरान उन्होंने साथ मिलकर ज्वैल थीफ, प्रेम पुजारी, गाइड, हरे रामा-हरे कृष्णा जैसी शानदार फिल्मों को बनाया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें।

### वृष
वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन
मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क
कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह
सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या
कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ
कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
मीन राशि के लोगों का दिन सफलता और संतुलन दोनों लेकर आया है। कठिन समय खत्म होता दिख रहा है। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे और विरोधियों पर विजय मिलेगी। खानपान पर ध्यान देना जरूरी है वरना पेट की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# किसानों में खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से हो : जिला कलेक्टर

. बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स एवं जिला शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी) की बैठक हुई। जिला कलेक्टर ने खरीफ की फसल की बुवाई और उसके बाद रबी की फसल को लेकर जिले में फर्टिलाइजर (खाद) की उपलब्धता एवं मांग की स्थिति को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी जिले में खाद की मांग, राज्य सरकार को समय-समय पर भेजी जाने वाली डिमांड का आकलन प्रो एक्टिव होकर करें। साथ ही, किसानों में खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से हो, इसकी सुनिश्चिता के लिए कार्य योजना बनाएं। जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी से वर्तमान में जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि मांग और पूर्ति में संतुलन बनाए रखे। कालाबाजारी नहीं हो, ऐसे करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराएं। किसानों को उचित मूल्य पर ही खाद मिले, इसकी मॉनिटरिंग करें। किसानों की शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाएं। बैठक में जिला कलेक्टर ने फसल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को दिए जाने वाले फसल खराबे के मुआवजे में अनावश्यक टेक्निकल कमियां बताकर रोड़े नहीं अटकाएं। आगामी 15 दिवस में मुआवजे की कार्यवाही की जाएं। जिला कलेक्टर ने संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि 15 दिन के बाद बीमा कंपनियों द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं करने पर नियमानुसार विधि सम्पत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं तथा उच्च स्तर पर इसकी रिपोर्ट की जाएं। बैठक में उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्रप्रकाश बढ़ाया, परियोजना निदेशक (आत्मा) दिनेश कुमार बैरवा, सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक हनुमान मीणा, पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी, एमडी सीसीबी सीएल बुनकर, एलडीएम रामदयाल यादव, भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष रमेश चंद जाट एवं जिले के किसान रामचरण, परसराम जाट, जीतराम, लोकेश, प्रवीण, गणेश समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूक रहें

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में गुरुवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पुलिस थाना कोतवाली एवं पंचायत समिति सवाई माधोपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित जागरूकता शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल आयुष ताजी, अक्षय सिंह राजावत एवं अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, मगनलाल मीना, गिर्राज रैगर, रिंकी सैन एवं अनिता गर्ग द्वारा उपस्थित आमजन एवं पुलिस थाना स्टाफ को नशीली दवाओं के उपयोग से होने वाले नुकसानों, मादक पदार्थों की अवैध तस्करी, शिक्षा के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरूपयोग के उन्मूलन, नालसा डीएडब्लूएन - ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन, फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया स्कीम 2025 के तहत पात्र व्यक्तियों तक विधिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, पीड़ितों के पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण की प्रक्रिया एवं विधिक सेवा ढांचे को मजबूत करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिका, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर थानाधिकारी कोतवाली हरलाल सिंह मीणा ने बताया कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिसमें इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान होता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। दुर्व्यसन से आज स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। इससे व्यक्ति की मनोदशा पर विपरित प्रभाव पड़ता है, वह मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। मादक पदार्थो के सेवन से सबसे बड़ी हानि स्वास्थ्य की हानि है, इससे कैंसर, श्वास संबंधी गंभीर समस्याएं देखने को मिलती है, साथ ही मादक पदार्थो के सेवन से व्यक्ति मानसिक तनाव से ग्रस्त हो जाता है।

# वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक बने

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर के ख्यात नाम वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को विप्र फाउंडेशन का प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ का संयोजक मनोनीत किया गया है विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन 1स्न के संगठन महामंत्री कैलाश तिवारी ने जारी प्रेस नोट में बताया कि वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा की नियुक्ति उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक दक्षता तथा समाज सेवा के के प्रति अप्रतिम प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए विप्र फाउंडेशन जोन 1 डी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा के अनुमोदन उपरांत की गई है। तिवारी ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक शर्मा को शीघ्र नवीन कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। राकेश शर्मा के प्रदेश मीडिया संयोजक मनोनयन पर ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर, विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, ब्राह्मण महासभा की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष माया शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू शर्मा आशीष शर्मा रवि शर्मा, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा, ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री, सहित सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विप्र फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## समाज की एकता एवं शिक्षा पर रहेगा विशेष फोकस : डॉ. हेमंत शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विप्र फाउंडेशन की जिला कार्यकारिणी एवं संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल टी-24, सवाई माधोपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र अवस्थी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन ने विगत वर्षों में समाजहित में कई प्रभावशाली कार्य किए हैं, जिससे समाज में एकता, जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। उन्होंने आगामी आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी और सभी पदाधिकारियों से परस्पर समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। प्रदेश महामंत्री कैलाश तिवारी ने प्रस्ताव रखा कि जुलाई माह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाए, जिसकी रूपरेखा जिला कार्यकारिणी तय करेगी। साथ ही उन्होंने तहसील इकाइयों के गठन एवं संगठन की सदस्यता विस्तार पर भी बल दिया। राष्ट्रीय ई-लाइब्रेरी संयोजक सियाराम शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही आदि शंकर ई-लाइब्रेरी की स्थापना जिला मुख्यालय पर की जाएगी, जिसमें युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी की सुविधा मिलेगी। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र अवस्थी ने बताया कि शीघ्र ही भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए समितियों का गठन भी शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश शर्मा (प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक, जोन 1-डी) को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रद्युम्न भारद्वाज ने किया। बैठक में देवेंद्र पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेश शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, पंकज शुक्ला, कनक लता, अर्चना शर्मा, नितिन शर्मा, गंगा शंकर शर्मा, गिरिराज तिवारी, बालमुकुंद शर्मा, संतोष शर्मा, गोविंद दीक्षित, सुनील शर्मा, लोकेश शर्मा, सागर शर्मा, पुराण शर्मा, तेजस्वी शर्मा, गिरीश शर्मा, पंकज शर्मा, उमाशंकर, हेमेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, अमित शर्मा, शशि भूषण शर्मा, नितेश शर्मा, मुकेश शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, विजय कुमार शर्मा, अवधेश शर्मा, नटवरलाल शर्मा, अतुल दुबे, आशीष गौतम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# 2.784 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के साथ दो गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा पुलिस वृत की लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने मादक पदार्थो की अवेध तस्करी रोकने को लेकर की गई कड़ी कार्रवाई के बाद 2.784 किलो डोडा चूरा के साथ दो जने को गिरफ्तार किया गया है। लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देशानुसार व वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निद्रेशन में थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो की तँस्करी रोकने को लेकर अभियान चलाया गया। इसी अभियान के दौरान गुरूवार को पुलिस ने गश्त के दौरान मोरला रोड बडगांव मोड के पास सवाईराम पुत्र हरदेव जाट निवासी कालीहर्डिया थाना लाम्बाहरिसिंह व बाबूलाल पुत्र लादूराम कुम्हार निवासी वार्ड नं. 2 मोरला रोड लाम्बाहरिसिंह को डिटेन कर इनके कब्जे से 2 किलो 784 ग्राम मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त कर दोनो को गिरफ्तार किया गया है।

# शिविरों का मिलने लगा पात्रो को लाभ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में राजस्व विभाग व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार से पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल महाअभियान के अन्तर्गत आयोजित हो रहे शिविरो का लाभ पात्र लोगो को मिलने से पात्रो के चहरो पर मुस्कराहट है। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि गुरूवार को ग्राम पंचायत इन्दौली, झाड़ली व देवल मुख्यालयो केअटल सेवा केन्द्रो पर शिविरो का आयोजन हुआ। जिसमुं इन्दौली में तहसीलदार पवन मातवा के निर्देशन में शिविर का आयोजन हुआ। इन्दौली में आयोजित शिविर में पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्तैयोदय सम्बल शिविर में बुजुर्ग महिला नन्दू देवी पत्नि लादूलाल गुर्जर को भौतिक सत्यापन के अभाव में एक वर्ष से अधिक अवधि से पेंशन रूकी थी। शारिरीक कमजोरी के चलतें वृद्धा के पेंशन सत्यापन में परेशानी आ रही थी। गुरूवार को आयोजित शिविर में यह मामला तहसीलदार के सामने आया तो वे तुरन्त सम्बन्धित अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ पात्र महिला नन्दू देवी का तुरन्त मौके पर ही पेंशन के लिए सत्यापन कर पेंशन चालु कर राहत प्रदान की गई। कार्यवाहक विकास अधिकारी महेन्द्र जैन के निर्देशन में आंटोली में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के दौरान ही बीपीएल सर्वे में 4 अंक प्राप्त करने वाले परिवार मैना पत्नि सवाईराम चंदा बावड़ी बीपीएल नं. 6534297 ग्राम लड़ी पंचायत आंटोली के आवास पर जाकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन पत्र तैयार करवाए गए। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार को कचोलिया, कुराड़ व नगर ग्राम पंचायत मुख्यालयो के अटल सेवा केन्द्रो में शिविरो का आयोजन होगा।

# गुप्ता प्रदेश सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा निवासी युवा टेन्ट व्यवसायी योगेन्द्र गुप्ता को ऑल इण्डिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोशियसन के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। एसोशियसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिन्दल ने यह नियुक्ति की। इधर गुप्ता ने एसोशियसन के प्रदेश सचिव बनने पर मालपुरा क्षैत्र के टेन्ट व्यवसायीयो में खुशी कर लहर है। साथ ही मालपुरा के सभी टेन्ट व्यवसायी जहां एक ओर गुप्ता को बधाई दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर एसोशियसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पदाधिकारियो का इस नियुक्ति के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# देवली की किंजल का मिस सेलेस्ट इंडिया में फाइनल के लिए चयन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** देवली के जयपुर रोड स्थित रहने वाले चावला परिवार कि बेटी किंजल चावला का मिस सेलेस्ट, इंडिया के फाइनल में चयन हुआ है। यह आयोजन नेशनल लेवल पर जयपुर में होने जा रहा है कार्यक्रम के डायरेक्टर्स योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा से जानकारी मिली है कि देवली शहर निवासी किंजल चावला का चयन ऑडिशन और इंटरव्यू राउंड के बाद फाइनल में हुआ है। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों युवतियों ने भाग लेकर ऑडिशन दिया है। कार्यक्रम मे ऑडिशन देने वाली प्रतिभाओं में से कुल 20 प्रतिभाओं का चयन करना था। इनमें से देवली शहर की किंजल चावला को फाइनल मै अपना भाग्य आजमाने का अवसर प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार मिस सेलेस्ट इंडिया कार्यक्रम का फाइनल 18 से 24 अगस्त तक चलेगा, इस कार्यक्रम में पहले टॉप 20 प्रतिभागियों को एक महीने की ग्रूमिंग ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रतियोगिता का सर्टिफिकेट फाइनल में दिया जाएगा।

# सीईओ बुडानिया ने आकस्मिक निरीक्षण में विकास अधिकारी को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने गुरुवार को पंचायत समिति सवाई माधोपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण किया एवं विकास अधिकारी जगदीश मीना को सफाई व्यवस्था दुरुस्त फ़ाइल संधारण करने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने सहित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए! उन्होंने वहाँ कार्यरत कर्मचारियों से विभिन योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर पंचायत समिति विकास अधिकारी जगदीश मीना प्रकाश त्रिवेदी एव अन्य अधिकारी कार्मिक उपस्थित थे।

# खोड़ा का खेड़ा के ग्रामवासियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, करीब एक वर्ष से नलों में नहीं आ रहा है पानी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ जामडोली।** राजस्थान सरकार द्वारा गांव बहड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में गांव खोड़ा का खेड़ा के ग्रामवासियों ने समस्याओं को लेकर शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण मनीष चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घर-घर नल कनेक्शन चालू करवाने में पाइप लाइन डालने के लिए सडक़ खोदी गई थी। लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक दुरुस्त नहीं करवाई गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया ग्राम पंचायत बहड में घर-घर नल कनेक्शन के पॉइंट निकाले गए थे। जिनमें करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या विकट बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिवस में कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत भवन के ताला लगाकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस दौरान धर्मराज चौधरी, दिनेश चौधरी, महेंद्र चौधरी, महेश जॉनी व गोविंद छापरिया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला कलक्टर करेंगे जुलाई माह में चार उपखण्डों में रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन को अधिक सशक्त, उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में जुलाई माह में चार अलग-अलग उपखण्ड क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इन रात्रि चौपालों में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी रामचंद्र खटीक ने बताया कि 3 जुलाई (गुरुवार) को उपखण्ड चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत उदपुरा मे, 10 जुलाई (गुरुवार) को उपखण्ड गंगरार की ग्राम पंचायत साड़ास में, 17 जुलाई (गुरुवार) को उपखण्ड डूंगला की ग्राम पंचायत पीराना में तथा 24 जुलाई (गुरुवार) को उपखण्ड भैंसरोड़गढ़ की ग्राम पंचायत कुशलगढ़ में रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन रात्रि चौपालों में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। चौपाल के दौरान ग्रामीणजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा और त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आज यहां आयोजित होंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शुक्रवार, 27 जून को टोंक तहसील की ग्राम पंचायत देवपुरा, सोरण एवं अरनियाकेदार में, तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत नानेर, पासरोटिया में, तहसील निवाई की ग्राम पंचायत रजवास, खंडवा एवं पहाड़ी में, तहसील मालपुरा की ग्राम पंचायत कचोलिया, कुराड़ एवं नगर में शिविरों का आयोजन होगा। इसी तरह तहसील देवली की ग्राम पंचायत राजकोट में, तहसील दूनी की ग्राम पंचायत कनवाड़ा में, तहसील नगरफोर्ट की ग्राम पंचायत चारनेट में, तहसील अलीगढ़ की ग्राम पंचायत देवली में, तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत खोहल्या में तथा तहसील टोडारायसिंह की ग्राम पंचायत कंवरावास में शिविर आयोजित होंगे।

# अलग-अलग मामलों में 5 गिरफ्तार, दो मोटरसाईकिल चोरी व तीन मारपीट के हैं आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 5 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि अपरधियों की धर पकड अभियान के तहत मोटरसाईकिल चौरी के मामले में आरोपी सफीक उर्फ प बुणा पुत्र शमशु खां निवासी सरपंच की ढाणी खिडगी व मुकेशकुमार पुत्र रामनिवास निवासी खिडगी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार मारपीट करने के आरोप में कुलदीप बैरवा पुत्र भोमाराम बैरवा निवासी चैनपुरा, मनमोहन मीणा पुत्र रामजीलाल निवासी जगसरा व किशन पुत्र रामसिंह गवारिया निवासी महाराजपुरा को गिरफ्तार किया है।

# पौने 3 किलो डोडा चूरा पकड़ा, 2 तस्कर गिरफ्तार : लांबाहरिसिंह थाना पुलिस ने एनडीपीएस में किया केस दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** लांबाहरिसिंह थाना पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार कर उनके पास से पौने तीन किलो से ज्यादा डोडा-चूरा जब्त किया है। इस डोडा चूरा की कीमत 41 हजा 760 रुपए आंकी गई है। लांबाहरिसिंह थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है। मालपुरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल और मालपुरा छ्वस्क्क आशीष प्रजापत के मार्गदर्शन में विशेष टीम बना कर तस्करों को अवैध मादक पदार्थ के साथ पकड़ा है। गश्त कर रही पुलिस टीम ने 25 जून को रात में मोरला रोड, बड़गांव मोड़ पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान दो संदिग्धों को रोका गया। पूछताछ में दोनों स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। फिर वे संदिग्ध लगे तो उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 2.784 किलो डोडा चूरा मिला। इनका वे कोई लाइसेंस नहीं दे पाए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कालीहर्डिया निवासी सवाईराम (56) और मोरला रोड वार्ड नंबर 2 का रहने बाबूलाल (36) शामिल हैं। सवाईराम कालीहर्डिया और बाबूलाल लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजकुमार के साथ नारायण, रितेश, हरिराम, साजिद, रामराज, विकान्त, गजेन्द्र, सुनील और धनसिंह शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने ली विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

## गिव अप अभियान के तहत सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से नाम हटवाने को करें प्रेरित

### एनएफएसए में नाम जुड़वाने से जिले का कोई भी पात्र व्यक्तिनहीं रहे वंचित : मंत्री गोदारा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने गुरूवार को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडने, गिव अप अभियान, नए जुडे लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिये। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने जिले में गिव अप अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिले में 63 हजार लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है इसमें और गति लाते हुए अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग कर 31 अगस्त तक जिले को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप 46 हजार सक्षम लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए प्रोत्साहित कर प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति कार्यालय आकर और स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से एवं ऑनलाइन आवेदन कर खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी सक्षम लाभार्थियों से अपील कर कहा कि वे अपना नाम स्वेच्छा से हटाये, ताकि पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सके। मंत्री गोदारा ने खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर वर्ष 2022 और 2025 से लंबित आवेदनों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा कर अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नए जुड़े लाभार्थियों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के दौरान लाभार्थियों की आधार सीडिंग



और ई-केवाईसी का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों पर पारदर्शिता बनाए रखने, स्टॉक की नियमित जांच करने और वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चार योजनाओं का लाभ सम्मिलित है। इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं, मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को साल में 12 सिलेंडर 450 रुपए में, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा, दुर्घटना बीमा योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए का मुआवजे का लाभ मिलता है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने खाद्य मंत्री को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए निर्देशों की समयबद्ध रूप से पालना कराई जावेगी। बैठक में जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने पीपीटी के माध्यम से जिले में गिव अप अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में जोडे गए नाम, आधार सीडिंग और ई-केवाईसी इत्यादि की प्रगति की विस्तार से जानकारी प्रदान की। बैठक में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, कठूमर विधायक रमेश खींची, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, विशेष सचिव खाद्य मंत्री शैलेश खुराना, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र सहित विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक उपस्थित रहें।



# शिविर में मौके पर खुला नामांतरण, भौति देवी ने कहा शिविर में आसानी से हो रहे हैं आमजन के काम

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राज कुमार गुप्ता )।** प्रदेश के निवासियों की समस्याओं का समाधान करने हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में आमजन के काम आसानी से हो रहे हैं। इसी कडी में राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत सकट में आयोजित शिविर ग्राम संकट निवासी बुजुर्ग महिला भौति देवी के लिए खुशियां लेकर आया। भौति देवी ने बताया कि भूमि के गलत बेचान का नामांतकरण दर्ज हो जाने से आपसी लाभार्थी विवाद के कारण प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन था। वृद्धावस्था के कारण बार-बार न्यायालय में आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड रहा था। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में लगाए गए अंत्योदय शिविर की जानकारी मिलने पर शिविर में पहुंची, जहां राजस्व विभाग के अधिकारियों मेरे प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ तुरंत संज्ञान लेकर 135(2) में प्रकरण दर्ज कर मौके पर ही सुनवाई की तथा आपसी सहमति से प्रकरण का निस्तारण करवाकर नामांतकरण दर्ज किया। शिविर में नामांतकरण दर्ज होने पर भौति देवी के चेहरे पर मुस्कान छा गई। लाभार्थी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे शिविर सराहनीय कदम है इनमें आमजन के आसानी से काम हो रहे हैं। भौती देवी ने शिविर में मौके पर ही समस्या का समाधान होने एवं ग्राम पंचायत में अंत्योदय शिविर लगाए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तुलसी व गौ माता का होना स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए है लाभदायक : सुरेश चंद शर्मा

## प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा देकर किया सम्मानित, गमले सहित तुलसी के पौधे किये वितरण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड के गोलाकाबास में स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल परिसर में सर्व समाज जागृति संघ जयपुर की ओर से समाजसेवी एवं शिक्षाविद गोविन्द सिंह राठौड़ के मुख्य आथित्य तथा संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा की अध्यक्षता में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें तुलसी व गौ माता के महत्व ओर मानव जीवन में इनसे होने वाले आर्थिक, शारीरिक व धार्मिक लाभ की जानकारी दी गई। सर्व समाज जागृति संघ जयपुर के अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक सनातनी के घर में एक देशी गौ व घर के आँगन में तुलसी का पौधा होना चाहिए जिनका नियमित शुद्ध भाव, श्रद्धा से देखरेख पूजन करे शास्त्रों में भी गाय के गौ मूत्र, गोबर, दूध, दही के स्वास्थ्य को लेकर वैज्ञानिक दृष्टि से कई फायदे बताये गए है तथा तुलसी की महिमा का भी वर्णन किया गया है अत: प्रत्येक सनातनी के घर में तुलसी व गौ माता का होना स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए है लाभदायक है। उन्होंने राज्य सरकार से गाय को राजमाता का दर्जा दिए जाने का अभियान चलाते हुए 25 दिसम्बर को तुलसी दिवस घोषित करने की मांग की तथा ग्रामीण परिवेश में दूध नहीं देने पर छोडी गई गायों के रजिस्ट्रेशन करके चरागाह भूमियो पर गायों के लिए उचित व्यवस्था करवाये जिसकी मांग का ज्ञापन राज्य सरकार को दे चूके है। मुख्य अतिथि एवं समाज सेवी गोविन्द सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि रमेश चंद मीणा, रामजीलाल प्रजापत, कमलेश महावर, अरविन्द शर्मा, रमेश चंद सैन,कानाराम ज्योतिषी आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बुधवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जूली ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में मुख्यमंत्री और मंत्री सब गायब है और अधिकारी और कर्मचारी जनता का काम करने से गुरेज कर रहे है। उन्होंने कहा कि सुशासन के नाम पर जिस सरकार ने जनता को ठगा आज वह जनता उस सरकार और उसके नुमाइंदों को ढूंढ रही है। जूली बोले पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से आम आदमी त्रस्त हो गया है लेकिन सरकार और विभागीय अधिकारियों का इस और कोई ध्यान ही नहीं है।

### जूली ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिया कड़ा संदेश

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से करें। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में आम जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हर एक बूथ को मजबूत करना हमारा नैतिक दायित्व है। इस दौरान संगठन को एकजुट रहकर मजबूत करने पर भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश की जनता केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ खड़ी है। जूली बोले आज प्रदेश व देश की जनता को कांग्रेस राज की याद आ रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के सभी वादे केवल जुमले साबित हो रहे हैं।



### जूली बोले कांग्रेस का लगातार बढ़ रहा है कारवां

नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले संविधान से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लगातार कारवां बढ़ रहा है। आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा ब्लॉक के ढाकपुरी से निर्वाचित निर्दलीय पंचायत समिति सदस्य भोजराज चौधरी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली जिस पर जुली ने उनका स्वागत किया।

# प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ के निर्देश पर अलवर उत्तर की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के निर्देश पर जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी द्वारा प्रस्तुत जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने अपनी कार्यकारिणी में जिन लोगों को स्थान दिया गया है वह इस प्रकार हैं।

चौधरी ने अलवर जिला उपाध्यक्ष पद पर शिवचरण यादव, राजेश बटवाडा, दिनेश यादव, रामनिवास यादव, नगेन्द्र सिंह, चित्रा शर्मा, सज्जन मिश्रा व पवन सिंह चौहान को बनाने की शिफारिश की गई है। वहीं महामंत्री के पद पर पवन यादव, रमेश रावत व अनूप यादव की शिफारिश की है। मंत्री पद पर सविता यादव, सीमा जाटव, हेमलता सिसोदिया, कंचन तिवाड़ी, नीलम त्रिपाठी, जय प्रकाश शर्मा, पूर्ण झाबुला को नियुक्त किया गया है। उधर जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने कोषाध्यक्ष पद पर सुभाष अग्रवाल तथा सह कोषाध्यक्ष पद पर प्रमिल जसोरिया को नियुक्त किया गया है। वहीं संजय मोर, एडवोकेट सीताराम, नरेन्द्र चौधरी व विक्रम यादव सहित 4 जिला कुल प्रवक्ताओं को नियुक्ति दी गई है। वहीं कार्यालय मंत्री विक्रम मराठी होंगे तो सह कार्यालय मंत्री राजकुमार जाटव तथा मिडिया कर्मी वेदप्रकाश खबरी, सह मिडिया कर्मी सलोना जाटव, सोशियल मिडिया पर विशेसर चौधरी तथा आईटी संयोजक नितिन सैनी को नियुक्त किया गया है।

# छत्रपती शाहू जी महाराज थे भारत माता के सच्चे सपूत : आर्य

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड जिले की बसपा इकाई बहुजन के तत्वाधान में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का शुभारम्भ लालचंद मोरिजावाला धर्मशाला में किया गया ।इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि दीपचंद आर्य ने कहा कि कोल्हापुर रियासत ने दलितों को नौकरियों में आरक्षण देने का क्रांतिकारी कदम सबसे पहले शाहूजी महाराज ने उठाया। जो उनकी समाज में जिनकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के रूप में किया गया। भारत समानता के आरक्षण के जनक के रूप में उन्हें प्रत्येक एससी /एसटी /ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग आज भी याद करता है ।उन्होंने कहा कि शाहूजी महाराज आज भी अमर हैं और भविष्य में भी अमर ही रहेंगे। उनके जैसा पराक्रम वाला आज भी हमारे बीच मौजूद है लेकिन हम उसे पहचान नहीं पा रहे। हम सब आज उनके जन्म उतस्व पर एकत्रित होकर उनको सादर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उपस्थित सभी कार्यकर्त्ताओं ने छत्रपति शाहूजी महाराजा कों उनकी जयंती पर शत-शत नमन वह अपार श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने की शपथ ली।

# मोनिका ने तिरंगे के साथ-साथ महिला शक्ति का गौरव भी बढ़ाया : रावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव देवसन की बेटी तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के महारानी कॉलेज की छात्रा कुमारी मोनिका गुर्जर का पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत और गुर्जर समाज के कर्मचारीयों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। गौरतलब है कि कुमारी मोनिका गुर्जर माउन्ट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने के बाद पहली बार गांव आई हैं।यह सम्मान नगर पालिका क्षेत्र स्थित वीर गुर्जर छात्रावास बानसूर में किया गया।इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि कुमारी मोनिका गुर्जर ने न केवल सीनियर अण्डर ऑफिसर एनसीसी कैडेट्स राजस्थान के रूप में विश्व के सर्वोच्च शिखर पर भारतीय ध्वज फहराकर इतिहास रचा है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की मिशाल भी पेश की है। मोनिका की इस उपलब्धि ने सिद्ध कर दिया कि बानसूर की बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्त देशवासी उनके इस साहस और दृढ़ संकल्प से अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर मोनिका गुर्जर ने माता-पिता व गुरुजनों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे गौरव है कि मुझे आदर्श माता-पिता और गुरुजन मिले। उन्होंने कहा कि माता-पिता, गुरुजन तथा समाज का मार्गदर्पण मुझे देशहित में अपना कर्तव्य पूरा करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। वहीं मोनिका गुर्जर ने सुभाष सर्किल पर नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस, जगतसिंह दायमा सर्किल पर पूर्व मंत्री विकास के जनक स्व. जगतसिंह दायमा, अम्बेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर व वीर गुर्जर छात्रावास स्थित भगवान देवनारायण को पुष्प अर्पित कर उनसे देशहित में आशीर्वाद माँगा।

# गर्भगृह से बाहर आकर भगवान जगन्नाथ ने दिए भक्तों को दर्शन, आज निकलेंगी रथयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के धार्मिक आस्था के केंद्र चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ ने 15 दिन बाद गर्भ गृह से बाहर आकर भक्तों को दर्शन दिये। मंदिर महंत पूर्णदास,एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री व पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के पश्चात गर्भगृह से बाहर आने के बाद भगवान जगन्नाथ का नेत्र उत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं सायंकाल 6 बजे माता जानकी की सवारी मंदिर मार्जन और गणेश पूजन के लिए गंगाबाग स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंची। जहां मंदिर महंत परिवार व मेला कमेटी के सभी सदस्यों ने वहां उपस्थित होकर गणेश पूजन और मंदिर मार्जन का कार्यक्रम वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया।

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी महाराज की 171वीं रथयात्रा

मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया की आज भगवान जगन्नाथ की 171 वीं ऐतिहासिक रथ यात्रा निकलेगी। रथयात्रा से पूर्व प्रात: काल भगवान जगन्नाथ को कंगन डोरा बांधने की रस्म अदा होगी, साथ ही 9.30 दोज पूजन तथा गोलक पूजन तथा 10 बजे भगवान जगन्नाथ को हल्दी की रस्म अदा की जाएगी।

### मथुरा की शाही पोशाक व कोलकाता के इत्र से सजेंगे भगवान जगन्नाथ

मंदिर महंत रोहित शर्मा ने बताया कि इस बार भगवान जगन्नाथ की शाही पोशाक मथुरा के कशीदाकारों के द्वारा पोशाक को नया रूप दिया गया है। साथ ही भगवान जगन्नाथ जयपुर के मोगरे, कोलकाता का इत्र तथा विशेष रूप का इत्र जो सऊदी अरब से मंगाया गया है उससे सजेंगे। रथयात्रा में हरे कृष्णा हरे राम सत्संग मंडली, राधा कृष्ण झांकी, दो बैंड तथा पूरा राजगढ़ शहर बाराती के रूप में शामिल होंगा। रथयात्रा मुख्य बाजारों से होते हुए देर रात्रि गंगाबाग पहुंचेगी। रथयात्रा के दौरान प्रमुख मंदिरों में भगवान जगन्नाथ की महाआरती की जाएगी।



# लायन्स क्लब राजगढ़ को सेवा कार्यों के लिए किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** प्रान्तपाल सुनील अरोडा, सह प्रान्तपाल डॉ. आशुतोष वशिष्ठ, सह प्रान्तपाल निर्वाचित आरएस मदान, अवार्ड चेयरमैन पूर्व प्रान्तपाल सुनील गोयल, प्रान्त के मैनटोर अशोक ठाकुर, प्रान्त के कोर्डिनेटर ओपी मंगल के सानिध्य प्रान्तीय पुरस्कार वितरण समारोह में लायन्स क्लब राजगढ़ को सेवा कार्यो के लिए सात महत्वपूर्ण पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में लायन्स क्लब राजगढ के जॉन चेयरपर्सन रहे मदन लाल शर्मा को मरणोपरान्त सर्वश्रेष्ठ जॉन चेयर पर्सन के अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके अलावा राजगढ़ क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिव एडवोकेट भूपेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास मीना सहित क्लब की महत्वपूर्ण गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न मेडीकल कैम्प के आयोजन एवं लीडरशिप अवॉर्ड सहित विभिन्न कार्यों के लिए क्लब को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान व मध्यप्रदेश के करीब 235 क्लबों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# कलक्टर ने ली वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक,अन्त्योदय संबल पखवाड़े के सफल आयोजन के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



कोटा, (का.स.)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों की बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं जनसेवाओं की सुनिश्चित उपलब्धता को लेकर दिशा-निर्देश देना रहा।

## राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर

कलक्टर ने कहा कि शिविरों में रास्तों के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारे, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी जैसे राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके।

## शिविरों में अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश

उन्होंने निर्देश दिए कि उपखंड अधिकारी शिविरों की सतत निगरानी करें, शिविर स्थल का नियमित निरीक्षण करें और राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की सेवाओं को एकीकृत करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि वंचित पात्र लाभार्थियों की सूची पूर्व में तैयार होकर गांव-गांव तक पहुंचे और उन्हें शिविर में आमंत्रित किया जाए।

## शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

कलक्टर ने कहा कि सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित कर शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी शिविरों तक पहुंच सकें।

## अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में बहुविभागीय सेवाएं उपलब्ध

प्रत्येक पंचायत समिति क्षेत्र में दो से तीन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आदि विभागों की 60 से अधिक जनोपयोगी सेवाएं आमजन को एक ही स्थान पर प्रदान की जाएंगी।

## हरियालो राजस्थान अभियान को मिले गति

बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश भी दिए गए। कलक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग गड्ढों की खुदाई समय पर पूर्ण करें, पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और नियत स्थानों पर समयबद्ध ढंग से पौधारोपण कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग पौधों की सिंचाई, देखभाल और संरक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि लगाए गए पौधे जीवित रह सकें और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

बैठक में शिविर द्वारा राजस्व विभाग एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों एवं दी जा रही सेवाओं की व्यापक समीक्षा भी की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल सिंह, लाडपुरा उपखंड अधिकारी गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## शिविर में रास्ते के प्रकरण का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** तहसील हिन्डोली के गाँव खेरखटा में गुरुवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में गांव खेजड़ा मुख्य मार्ग से होते हुए श्मशान तक जाने वाले 150 मीटर रास्ते एवं खेरखटा गाँव में खेल मैदान के पास से गोपालपुरा जाने वाले 300 मीटर रास्ते के प्रकरण का समाधान किया गया। ग्रामवासियों ने इन रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करने का प्रार्थना पत्र दिया था। उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन द्वारा मौके पर जाकर रास्ता देखा गया एवं प्रस्ताव तैयार कर राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते के अंकन की कार्यवाही की गई। प्रशासन की त्वरित कार्यवाही देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठें।

## संदिग्ध गतिविधियों होने की सूचना लगातार पुलिस को मिलने से रेड में 4 पुरुष 5 महिला को किया डिटेन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी सदर थाना इलाके के देवपुरा स्थित तहसील रोड पर एक मकान में संदिग्ध गतिविधियों होने की सूचना लगातार पुलिस को मिली थी ।पुलिस ने टीम का गठन किया और सदर थाना पुलिस के नेतृत्व में मकान पर रेड करी , रेड करने के साथ ही मकान से पांच महिला और चार पुरुषों को डिटेन किया गया । संदिग्ध गतिविधियों होने की लगातार सूचना पर सदर थाना पुलिस द्वारा गुरुवार को रेड करते हुए इनको सभी को डिटेन किया गया । वहीं सभी आरोपियों से गहनता पूछताछ सदर थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। वही इस पूरे मामले में मनराज पुत्र शंकर लाल जाति भील उम्र 19 साल निवासी ग्राम भावता थाना मौर जिला टोंक, दिनेश पुत्र कैलाश जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी ढाकणी पुलिस थाना हिण?डोली जिला बूंदी, हनुमान सिंह पुत्र पेहप सिंह जाति राजपूत उम्र 53 साल, निवासी पतराज खुर्द पुलिस थाना मौर जिला टोंक, नीरज पुत्र सूरजमल जाति धाकड उम्र 32 साल निवासी कराड का बरधा थाना तालेडा जिला बूंदी के चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए ,डिटेन किया गया है, पांच महिलाओं को नारी शाला भेजा गया है।

## मसूदा नगर परिषद का नाला सफाई अभियान जारी, 5 फुट चौड़े नाले सफाई के बाद दिखने लगे 15-20 फुट चौड़े

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** मसूदा नगर परिषद द्वारा शहर में नालों की व्यापक सफाई का अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है। पिछले 10



दिनों से नगर परिषद आयुक्त दिव्यांश सिंह के निर्देशन में चल रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत शहर के कई बड़े नालों की गहराई से सफाई की जा रही है। आयुक्त दिव्यांश सिंह ने बताया कि कई नालों में कंटीली झाड़ियां, मलबा और कचरे को पूरी तरह से हटाया गया है। जहां पहले नाले महज 5 फुट चौड़े दिखाई देते थे, वहीं अब सफाई के बाद उनकी वास्तविक चौड़ाई 15 से 20 फुट तक सामने आई है। शहर के प्रमुख नालों जैसे मसूदा पुलिया नाला, छावनी पुलिया नाला और होली चौक नाले का निरीक्षण कर आयुक्त ने सफाई कार्यों की समीक्षा की और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से आमजन को राहत मिल सके।

## मोनालिसा कैमरा क्लब की मासिक फोटो प्रतियोगिता संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मोनालिसा कैमरा क्लब द्वारा फोटो वर्कशॉप और फैशन इवेंट का आयोजन माली कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम में शहर की मॉडल्स ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. स्वीटी छाबड़ा और डॉ. ज्योत्सना जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं




को आत्मविश्वास और सशक्तता प्रदान करते हैं।कार्यक्रम का आकर्षण मेकअप सेशन रहा। जिसे इप्सिता देवानी ने प्रस्तुत किया। फोटोग्राफी वर्कशॉप महेश सेनने ली।कार्यक्रम का संचालन सचिव वैशाली मोटवानीने किया, जबकि अध्यक्ष तमन्ना सुहालका और कोषाध्यक्ष मनीषा जैन की टीम ने आयोजन को सफल बनाया। फोटोशूट के लिए चुनी गई तस्वीरें क्लब की आगामी एग्जीबिशन में प्रदर्शित होंगी।

## अजमेर जिले के ग्राम पंचायत के रोड मुख्यालय पर डाक सेवा, जन सेवा मिशन के तहत शाखा डाकपाल द्वारा कैंप का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के ग्राम पंचायत कैरोट मैं आज दिनांक 26.06.2025 को शाखा डाकघर केकड़ी के द्वारा उप डाकघर कैरोट मैं डाक सेवा जन सेवा



मिशन के तहत कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा डाकपाल मुकेश भील कैरोट द्वारा शाखा और डाकपाल सांपला विनोद कुमार मीणा, शाखा डाकपाल कुरथल, घीसालाल कुमावत, शाखा डाकपाल जैतपुरा सत्यनारायण साधु के सहयोग से डाक विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के कैम्प का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में सफल हुआ। इस दौरानकैम्प में ष्टश्वस्ष्ट ऑपरेटर विनोद कुमार मीणा, मुकेश भील और आधार ऑपरेटर रवि कुमार द्वारा नए आधार और आधार अपडेट के कुल 31 ट्रांजेक्शन किए गए ।आयोजित कैम्प में 20 क्क्चस्क्च अकाउंट , 2 लाख बीमा धन आरपीएलआई प्रस्ताव एवं 3 आईपीपीबी प्रीमियम अकाउंट्स ओपन किए गए।कैम्प की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर साहब अनिरुद्ध सिंह ने की और कैम्प के आयोजन के लिए डाक विभाग के साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जीवन की आखरी यात्रा के अंतिम पड़ाव पर भी सुविधाएं मयस्सर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( नि.स. )।** क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत के बुद्धखान गांव में श्मशान घाट में क्षतिग्रस्त टीन शेड की वजह से ग्रामीणों को



अंतिम संस्कार के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टीन शेड के अभाव में बारिश और धूप में अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि टीन शेड की कमी के कारण, अंतिम संस्कार के समय उन्हें बारिश में भीगना पड़ता है या धूप में खड़ा होना पड़ता है। इसके अलावा, टीन शेड न होने से अंतिम संस्कार के लिए उचित स्थान भी नहीं मिल पाता है। स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द श्मशान घाट में टीन शेड लगवाने की मांग की है, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के समय होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।इस मामले में फतेहपुर पंचायत के बुद्धखान गांव के सरपंच मोहानी बाई ने बताया कि श्मशान घाट किसी के खाते की ज़मीन पर बना हुआ है । जिसके चलते श्मशान घाट में क्षतिग्रस्त टीन शेड और निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता है । श्मशान घाट के लिया प्रस्ताव दिया हुआ है । लेकिन सरकार की ओर से मंज़ूरी नहीं दी गई है । मंज़ूरी मिलने के बाद ही पंचायत की ज़मीन पर काम शुरू किया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।

## ट्रक ने बाइक कों मारी टक्कर बालक कि दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( नि.स. )।** कोटा झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर दरा नाल के पास एक बड़ा हादसा हुआं जिसमें एक लड़के कि दर्दनाक मौत हों गईं जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह 10 बजे के आसपास दरा नाल के समीप चाचा , भतीजा दोनों बाइक से भटवाड़ा से कुदायला जा रहें थे।कि तभी पीछे से आ रहें ,ट्रक ने बाइक कों टक्कर मार दीं जिससे बाइक सवार चाचा सड़क किनारे गिर गया और भतीजा टायर कि चपेट में आ गया,जिसके चलते बालक कि मौके पर हीं दर्दनाक मौत हों गईं , घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हों गया। सूचना पर मोड़क थाना पुलिस मौके पर पहुंची मृतक बालक कों ट्रक के नीचे से बाहर निकाला और एंबुलेंस कि मदद से मोड़क अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बालक कों मृत घोषित कर दिया। मृतक बालक कि पहचान अनमोल पुत्र मोडू लाल जाति भील उम्र 12 वर्ष निवासी भटवाड़ा थाना पनवाड़ जिला झालावाड़ के रुप में हुई है जों हाल में कुदायला रहता था। हादसे के चलते सड़क पर दोनों तरफ भारी ज़ाम लग गया , जिसे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सुचारू करवाया। पुलिस ने ट्रक कों जब्त कर लिया। और मृतक बालक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया ।

# अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवसः जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष रथ रवाना किया गया। जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तैयार किए गए इस जागरूकता रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई हैं, जो न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता रथ का उद्देश्य जिले के आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करें।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, गीत, और अन्य प्रचार सामग्री के द्वारा लोगों को नशे के दुष्परिणामों और नशा मुक्ति के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही, नशा मुक्ति केंद्रों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से सहायता प्राप्त कर सकें।इस पहल का उद्देश्य युवाओं और अन्य वर्गों को नशे के जाल में फंसने से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिले में इस जागरूकता अभियान को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही हैं और उम्मीद है कि यह रथ नशा मुक्ति के संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाने में सफल होगा।इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारी विभाग के सहायक निदेशक अर्पित जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# संभागीय आयुक्त ने उद्योगों की समस्याएं सुनी, समाधान के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएडी परिसर में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक आयोजित की गई। संभागीय आयुक्त ने बैठक में उपस्थित औद्योगिक संगठनों और प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की सुचारु उपलब्धता, पारदर्शी प्रक्रियाएं और अनावश्यक अड़चनों का हटाया जाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त ने रामगंजमंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियंता, जेवीवीएनएल को मौके का निरीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अतिक्रमण, आधारभूत ढांचे और राजस्व से जुड़े अन्य मामलों में भी कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एसएसआई एसोसिएशन कोटा के संस्थापक अध्यक्ष श्री गोविंद राम मित्तल ने इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में कृषि औजार यंत्र निर्माता जोन के लगभग 50 भूखण्डों के हस्तांतरण, पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में स्वामित्व परिवर्तन, औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं के अभाव, रीको लीज अवधि 30 की बजाय 99 वर्ष किए जाने तथा यूडीएच टैक्स की अनियमित वसूली जैसे मुद्दे उठाए।

उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी प्रक्रिया को सरल बनाए जाने, पीएचईडी द्वारा जल कनेक्शन प्लॉट साइज़ के बजाय वास्तविक आवश्यकता अनुसार दिए जाने, ई-वे बिल प्रणाली एवं जीएसटी नोटिस प्रक्रिया में तर्कसंगतता और शॉप एक्ट उल्लंघनों के मामले भी प्रस्तुत किए।

लघु उद्योग काउंसिल ऑफ कोटा के श्री के.बी. नंदवाना ने ओवरब्रिज के नीचे हो रहे अतिक्रमण और चिड़ियाघर स्थल पर खेल संकुल निर्माण से होने वाली हरियाली की क्षति पर चिंता जताई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बाड़ी, गुड़ाखेड़ा एवं नरसिंहगढ़ में आयोजित हुआ शिविर

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर देने के उद्देश्य से प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में उपखण्ड के गुड़ाखेड़ा एवं नरसिंहगढ़ ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेडा एवं प्रभारी, पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा विकास पंचोली ने की। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्राम पंचायत, नरसिंहगढ, गुड्डाखेडा के साथ ही बाड़ी में भी विभागवार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से




आमजन को योजनाओं लाभ दिलाया गया। शिविर में पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक, तहसीलदार घनश्याम जरवार, नायब तहसील दिव्येषकान्त परमार सहित उपखण्ड कार्यालय, निम्बाहेडा एवं 16 विभागो के अधिकारी, कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर आमजन को लाभान्वित किया।

ग्राम पंचायत शिविर में पूर्व मंत्री एवं विद्यायक श्रीचन्द कृपलानी ने अपने उद्बोधन में ग्रामवासिंयों को राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओ का अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने गुड्डाखेडा शिविर में परिवारों को भूमि के पट्टे वितरित किए, साथ ही क्षय रोग से ग्रसित रोगियों को पोषण किट भी वितरित किये। उपखण्ड अधिकारी पंचैली ने राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओ से विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक योजनाओ से जुडकर लाभ प्राप्त करवाने हेतु अवगत कराने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी एवं शिवित प्रभारी ने ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत अधिकांष परिवादों का तत्काल निस्तारण करते हुए एवं जिन परिवादों पर तत्काल कार्यवाही नहीं हो सकी उनको सम्बन्धित विभाग को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देशों के साथ अग्रेषित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी विकास पंचौली ने बताया कि 27 जून, शुक्रवार को ग्राम पंचायत कोटडीकला, बांगेडाधाटा, बडावली में प्रात: 9.30 से सायं 05.30 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की लाभकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित होने हेतु आग्रह किया।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# भरतपुर शहर का सुनियोजित विकास के लिए टीमवर्क से होगा कार्य : कनिष्क कटारिया

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2019 बैंच के अधिकारी कनिष्क कटारिया ने भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग राजस्थान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अलवर, उपखंड अधिकारी रामगंज मंडी, उपखंड अधिकारी सिरोही जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे चुके हैं। आयुक्त भरतपुर विकास प्राधिकरण कनिष्क कटारिया ने पदभार संभालने के बाद कहा कि भरतपुर शहर का सुनियोजित विकास के लिए टीमवर्क से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे प्रोजेक्ट्स को गुणवत्ता के साथ एवं समय सीमा में पूरा करना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराने का प्रयास रहेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करते हुए जिले के चहुंमुखी विकास किया जायेगा। शहर में पर्यटन विकास की विपुल संभावनाओं को देखते हुए इसे बढावा देने के निरन्तर प्रयास किये जायेंगे।

# बसेड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत : वाल्मीकि समाज ने राजवीर सिंह राजावत का माला और साफा पहनाकर किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर के बसेड़ी कस्बे की हरिजन बस्ती में वाल्मीकि समाज ने भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का स्वागत किया। समाज के लोगों ने उन्हें माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष भैरों सिंह परमार, पूर्व सरपंच पिंटू परमार और मंडल महामंत्री कवेन्द्र परमार मौजूद रहे। महामंत्री महेन्द्र कोली, पवन शर्मा, किसान मोर्चा मंत्री सत्यपाल गुर्जर सहित बसेड़ी मंडल के कई कार्यकर्ताओं का भी स्वागत किया गया। राजवीर राजावत ने कहा कि समाज में छुआछूत और जातिवाद जैसी कुरीतियों से ऊपर उठकर सभी के हित में काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन हर वर्ग के लिए एक सशक्त मंच बने। उन्होंने जिले के विकास के लिए निरंतर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नेता वाल्मीकि, पप्पू वाल्मीकि, राणा, अमित, शिवम्, राकेश और ओमप्रकाश नेताजी मौजूद थे। प्रमोद, संजय, विनोद, उपेंद्र, रामनाथ, रामलखन, दिलीप, करन, मनोज, कन्हैया और रमेश रजक भी शामिल हुए। श्यामू कुमावत, तेज सिंह धोबी सहित मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सभी ने राजावत के नेतृत्व में जिले के संगठन को मजबूत करने की कामना की।

# धौलपुर में पीड़ित प्रतिकर स्कीम की बैठक : दो आवेदकों को मिलेगी 5.50 लाख रुपए की सहायता राशि



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में जिला न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2011 की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमेटी ने पीड़ित प्रतिकर के 8 प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया। इनमें से 2 आवेदकों को 5 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की अनुशंसा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इनमें पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश सुशील कुमार पाराशर, एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव शामिल थीं। साथ ही अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरीराम मीणा, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरणा और सीजेएम न्यायाधीश ज्योति सिंह मीणा भी मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवक की हत्या के 2 आरोपी गिरफ्तार : कांकरोली भीलवाड़ा फोरलेन पर दिनदहाड़े युवक की गर्दन काटने का मामला

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद के कांकरोली पुलिस थाना सर्कल में कांकरोली भीलवाड़ा फोरलेन स्थित प्रतापपुरा पुलिया पर दिनदहाड़े युवक की हत्या के मामले में दो युवकों को कांकरोली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 जून की दोपहर को खाखरमाला गांव निवासी शेर सिंह (36) पुत्र जोध सिंह कपड़े लेकर बाड़मेर जा रहा था कि इस दौरान प्रतापपुरा पुलिया पर कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से गर्दन पर वॉर कर हत्या कर दी। हमले में शेर सिंह की गर्दन धड़ से अलग हो चुकी थी। इस वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास सनसनी फैल गई थी। इस हत्या के बाद युवक के परिजन खेमसिंह (60) पुत्र चतर सिंह ने कांकरोली पुलिस थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। घटना के तुरंत बाद एसपी मनीष त्रिपाठी, एएसपी महेन्द्र पारीक, कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हंसा राम सिरवी सहित कांकरोली पुलिस का जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचा। एसपी मनीष त्रिपाठी ने एएसपी महेन्द्र पारीक व डीवाईएसपी विवेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

# कार्यवाहकों के भरोसे चल रहा बाड़ी प्रशासन, नहीं हो रही सुनवाई

## तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी के पद खाली, लोगों को आ रही परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड में इन दिनों आम नागरिक हर काम के लिए इधर-उधर भटकता नजर आ रहा है। जिसका सबसे बड़ा कारण है स्थानीय प्रशासन में महात्वपूर्ण पद रिक्त होन्द, जबकि इन पदों पर कार्यवाहक के रूप में अधिकारी काम कर रहे हैं जो किसी तरह में जिम्मेदार नहीं ठहराए जा सकते यही कारण है कि छोटे-खोटे काम के लिए लोग परेशान है। उपखंड में लंबे समय से तहसीलदार का पद रिक्त है। जिस पर बाड़ी तहसीलदार पद पर पहले गिरदावर की पोस्ट से पदभार संभाला फिर अब दो महीने पहले ही नायब तहसीलदार के पद पर प्रमोशन हुआ लेकिन अभी भी नायब तहसीलदार ने जिम्मेदारी संभाली हुई है, जबकि बाड़ी कार्यालय तहसीलदार। कंचनपुर में तहसीलदार पद भरा हुआ है, मगर बाड़ी में लंबे समय से तहसीलदार पद रिक्त होने के चलते लोगों के मूल निवास जाति प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण काम प्रभावित हो रहे है तो वहीं रजिस्ट्री तथा अन्य कामों में भी पोशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 27 कार्यवाहक अधिकारियों को कैसे ठहराएं जिम्मेदार

आमजन का कहना है कि यह छोट-नटे काम के लिए परेशान हैं क्योंकि अधिकांश पद कार्यवाहक अधिकारियों के भरी चल रहे हैं। ऐसे में यह अपने कार्य के प्रति जिम्मेवार भी नहीं ठहराए जा सकते। शहर में तहसीलदार का पद महीनों से खाली है जबकि जिले में सबसे बड़ी तहसील होने के बावजूद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रह। लोगों का कहना है कि कार्यवाहक अधिकारी शायद ही अपने कार्यालय में मिलते हैं और जब भी मिलते हैं तो वह काम की अधिकता का बहाना बना देते हैं। कार्यवाहक बाबुओं पर बड़े पैमाने में काम का बोझ जिससे काम में लेटलतीफी ही रही है तो बड़ी खामियां भी देखने को मिलती है इसके अलावा राजस्व विभाग में गिरदावर तथा पटवारी की भी भारी कमी है।

### प्राइवेट व्यक्ति को लगाया काम पर

लोगों की शिकायत है कि तहसील कार्यालय में कार्य को

## तहसील कार्यालय में प्राइवेट व्यक्ति के काम करने का आरोप







प्राइवेट व्यक्ति को लगा रखा है जी रजिस्ट्री करवाला है। कथित तौर पर दावा है कि ऑफिशियल

### गिरदावर, पटवारी व बाकी पद भी खाली

**न केवल उच्च अधिकारी बल्कि अधीनस्थ कर्मचारियों के पद भी बड़े पैमाने पर उपखंड में खाली है। जिनमें गिरदावर पटवारी बाबू भी शामिल हैं। शहर में लगभग हर विभाग बाबू को कमी से जुन रहा है। जिसके चलते**

वेबसाइट को प्राइवेट व्यक्ति कार्य को अंजाम दे रहा है। ऐसा नहीं है कि तहसील के अधिकारी एवं उपखंड के अधिकारियों को पता न हो, लेकिन सब चुप्पी साधे हुए है। वहीं सेवानिवृत होने के बाद एक कर्मचारी तहसील कार्यालय में बैठकर फ्री सेवा दे रहा है जो सोचनीय बिदू है।

### इनका कहना

भ्रष्टाचारियों की कोई शिकायत है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-भागवत शरण त्यागी, उपखंड अधिकारी बाड़ी**

# त्याग और वैराग्य को जीवन में धारण करने से ही सच्ची माँ बनते हैं



बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर (गोपाल पाठक)।** त्याग और वैराग्य को जीवन में धारण करने से ही सच्ची माँ बनते हैं सिर्फ संतान को जन्म देने से ही माँ नहीं बन जाते जैसे कि मातेश्वरी ने अपने जीवन से करके सिखाया। मम्मा शेरनी शक्ति थी, सत्यता और निर्भयता की आधार थी। बाबा जो भी संकल्प करते मम्मा हाँ जी ही करती थी। अनेक चुनौतीयों का सामना करने के बावजूद भी मम्मा एक बल एक भरोसे के आधार भी चलती रही उक्त विचार मातेश्वरी जी के 60वर्ष के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आगरा सब जोन सह प्रभारी एवं भरतपुर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी कविता दीदी ने अपने वक्तव्य में कहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र वैर के अंतर्गत मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 60वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति के गीत माँ तो माँ होती हैं माँ से बढ़कर कोई और नहीं वैर उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्र. कु गीता बहन ने की। आए हुए अतिथियों का तिलक, पटका, बैज के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भ्राता श्याम सिंह, नोडल अधिकारी आयुर्वेद विभाग वैर ने अपने वक्तव्य में कहा कि ब्रह्मा कुमारी संस्था का मुख्यालय माउंट आबू है वहां पर जाकर मुझे बहुत अच्छा लगा, वहां का वातावरण एक दम शक्तिशाली था। तपस्या की सुगंध थी मन को बहुत शांति मिली यहाँ आकर भी मुझे बहुत शक्ति का अनुभव हुआ। मैं यहाँ आता रहूँगा यहीं शब्द सुमन मैं मातेश्वरी जी को अर्पित करता हूँ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वैर भ्राता सुनील ,ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम बहुत ही भाग्यशाली हैं कि ब्र. कु. बहने हमारे वैर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं 7सभी माता, बहनो, भाइयों को भी प्रेरित करके ईश्वर के मार्ग पर चलाने का प्रयास कर रही हैं मैं तहे दिल से इन बहनों का धन्यवाद करता हूँ मुझे यहाँ बुला कर मेरे अंदर ज्ञान को भरने का प्रयास करती हैं। मुझे भी आध्यात्म शक्ति का अनुभव होता है। कार्यक्रम में ब्र. कु. जाग्रति बहन, अनामिका बहन, जयसिंह भाई ने मातेश्वरी की विशेषता ओं और जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

# शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी करें टीम भावना से कार्य

### योजनाओं में प्रगति लाने के लिये टीम के साथ करें समीक्षा - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के शिविरों के सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने जिले के सभी उपखण्ड के अधिकारियों को वीसी के माध्यम से सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को मौके पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा में सभी विभागों के अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने आयोजित होने वाले शिविर से पूर्व षिविर स्थल एवं विभागवार योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन, कृषि, वन, खाद्य, चिकित्सा, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, स्वायत्त शासन सहित अन्य विभाग के अधिकारी पखवाडे के दौरान संचालित गतिविधियों कीं मॉनिटरिंग करते हुये आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये कि जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने के लिये नियमित अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित किये जाने वाले शिविरों की प्रतिदिन प्रगति सरकार द्वारा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, ब्लॉक विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों को जोडने, सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य में प्रगति लायें। पखवाडे के दौरान रास्तों, जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और लम्बित राजस्व प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत चयनित बीपीएल परिवारों की संख्या एवं उनके बैंक खातों का सत्यापन, सर्वे किये गये चिन्हित किये गये परिवारों की संख्या, वर्षा जल संरक्षण हेतु जल संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य और स्वामित्व योजना में प्रगति लाने के लिए ब्लॉक विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा नामान्तकरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढी, रास्ते के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा, भूमि आवंटन प्रस्ताव , अटल ज्ञान केन्द्र में प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य , विद्युत विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाना व पोल सही करवाना, पेड-पौधों की छंटाई, पीएचईडी विभाग द्वारा पानी की टंकियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोंतों पर विद्युत कनेक्शन, लीकेज एवं पाईपलाइन मरम्मत आदि कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, उपखण्ड अधिकरी भरतपुर राजीव शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, तहसीलदार भू-अभिलेख पायल जैन, तहसीलदार भरतपुर विनोद मीना सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आमेट थाने में बाल संरक्षण संबंधित विषयों पर हुआ आमुखीकरण

## सुरक्षित और खुशहाल बचपन, हम सभी का दायित्व- सिंधु बिनुजीत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर की ओर से पूरे जून माह में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और मानव दुर्व्यापार उन्मूलन के लिए विशेष अभियान उमंग 5 का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत उदयपुर रेंज पुलिस द्वारा रेंज स्तर पर संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अर्न्तगत बुधवार को राजसमंद पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई के मार्गदर्शन में आमेट थाना परिसर में बाल संरक्षण संबंधित विषय पर थाना स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संबंधित पुलिस थानों के पुलिस अधिकारियों सहित थाने पर चयनित पुलिस मित्र ग्राम रक्षक तथा सुरक्षा सखियों को संबोधित करते हुए यूनिसेफ की संभाग स्तरीय बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने कहा कि बालको के उचित संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। बाल अपराध यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बाल नशावृत्ति, बाल विवाह, साइबर अपराध आदि के उन्मूलन के लिए हमें स्वयं जागरूक होकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है। उन्होंने आज के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने, साइबर अपराध के बारे में जागरूक




करने, उन्हें शिक्षा से जोड़ने और वर्तमान दौर में बच्चों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विचार करते हुए उन्हें सुरक्षित वातावरण उवलब्ध कराने की बात कही।

थाना स्तरीय आमुखीकरण में थाने के एएसआई बाबूलाल सालवी, मूल सिंह देवड़ा, ओमप्रकाश सहित थाने के अन्य स्टाफ सदस्य और कार्यक्रम टीम के सुनील व्यास ने भागीदारी निभाई।

# सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का दौरा : विकास कार्यों का निरीक्षण और जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** माननीय सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने जिले के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और आमजन से संवाद किया। दौरे की शुरुआत कांकरोली रेलवे स्टेशन से हुई, जहाँ निर्माणाधीन कार्य का रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्टेशन की प्रगति की जानकारी दी और स्थानीय लोगों ने अंडरपास में जलभराव की समस्या को उठाया, जिस पर सांसद ने संबंधित विभाग से समाधान का आश्वासन दिया।इसके पश्चात उन्होंने कुंवारिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य के दौरान ही समस्याओं को उठाने पर बल दिया, जिससे समय रहते समाधान हो सके। बाद में सांसद तासोल पंचायत पहुंचीं, जहाँ उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही तासोल नर्सरी में पर्यावरण जागरूकता के तहत वृक्षारोपण कर लोगों को मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

इस अवसर पर जिला प्रमुख रतनी चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष मान सिंह बाहरठ, पंचायत उपप्रधान सुरेश कुमावत, दिग्विजय सिंह भाटी, सम्पतनाथ सिंह, मीडिया संयोजक नर्मदा शंकर पालीवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जवाहर जाट, हिम्मत कुमावत, माधव चौधरी, मांगीलाल कुमावत, आशीष पालीवाल, उत्तम खींची, दीपक शर्मा, भेरूलाल गायरी, प्रहलाद सिंह राठौड़, आयन जोशी, विकास पालीवाल, भेरूलाल नंदवाना, गिराज काबरा, अजय प्रजापत, चेतन शर्मा, देवीलाल जटिया, गिराज पालीवाल, मुकेश शर्मा, रामप्रकाश सोमानी, अरविंद पालीवाल, उदयलाल भील, सरपंच भंवरलाल सरगरा, उपसरपंच लछूदास वैष्णव, सुरेश जोशी और रणजीत जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान चार बंटवारे के प्रस्ताव मंजुर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाजा में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग द्वारा चार बंटवारे के प्रस्तावों को मौके पर ही पारित किया गया। इससे ग्रामीणों को वर्षों से लंबित विवादों से राहत मिली। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी ब्यावर श्री दिव्यांश सिंह ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से यह जानकारी प्राप्त की कि अब तक विभाग की योजनाओं का लाभ कितने पात्र लोगों तक पहुंचा है।

साथ ही उन्होंने योजनाओं की जमीनी स्थिति और आमजन को मिल रहे लाभ की समीक्षा की। एसडीएम श्री दिव्यांश सिंह ने लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया

# एसडीएम व अभिभाषक परिषद के बीच तकरार, सीएम को भेजा ज्ञापन

## कार्यालय पर लगाया पुलिस जाप्ता, एसडीएम हटाने व न्यायिक जॉच की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** गुरूवार को नैनवां एसडीएम व अभिभाषको के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि अभिभाषक परिषद से जुड़े वकिलो ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की गई। मौके की नजाकत को देखते हुए एसडीएम ने भी स्वंम की सुरक्षा को लेकर डीएसपी से पुलिस जाप्ता उपखण्ड कार्यालय पर तैनात कर दिया। इसी बीच एसडीएम प्रिती मीणा कार्यालय से बाहर विजिट के लिए निकल गई। एसडीएम से मामले की जानकारी लेने पर बताया कि आम रास्ता से जुड़ा मामला था। उन्होने तहसीलदार की रिर्पोट पर निर्णय किया है। अभिभाषक परिषद द्वारा लगाया आरोप बेबुनियाद है। दूसरी ओर अभिभाषक परिषद नैनवां के पदाधिकारियो ने सीएम के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें बताया कि प्रिती मीणा उपखण्ड अधिकारी नैनवां के पद पर करीब पांच





माह से कार्यरत है। इनका व्यवहार पदस्थापना के समय से ही अभिभाषक परिषद नैनवां के साथ घृणित भाव रहा है। पदस्थापना के बाद ही उपखण्ड कार्यालय नैनवां में भ्रष्टाचार की कार्यवाही पत्रावलियो में नियम विरूद्व निर्णय पारित करने की एवज में मोटी रकम वसूल करने के मामले में उपखण्ड अधिकारी के रीडर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो द्वारा 50 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया जा चुका है। तथा अनुसंधान विचाराधीन है,जिसके सम्बंध में एक शिकायत अभिभाषक परिषद नैनवां द्वारा की गई थी। जिस पर भी अभी तक कोई जॉच नही हो पाई है। उन्होने उपखण्ड अधिकारी पर अमर्यादित भाषा शैली का आरोप लगाया है। इसके साथ ही अभिभाषक परिषद की बैठक में सर्वसमहति से प्रस्ताव लेकर उपखण्ड अधिकारी को नैनवां से तुरन्त हटवाया जाने, इसके कार्याकाल में निर्णयो की न्यायिक जॉच करवाया जाने की मांग की है। उन्होने मांगे नहीं मानी जाने पर तक अभिभाषक परिषद नैनवां द्वारा उपखण्ड कार्यालय नैनवां के कार्यालय के कार्यो का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

## महासाध्वी कंचन कंवर म.सा. का 30 जून को कपासन नगर मे चार्तुमासिक प्रवेश होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघीय जिन शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा., डॉ. सुलोचना म.सा. मधुर व्याख्यानी डॉ. सुलक्षणा म.सा. आदि ठाणा 3 का गुरुवार को धमाना से कपासन नगर में उमंग व उत्साह के साथ मे आदर्श कॉलोनी स्थित तेरापंथ भवन में आध्यात्मिक भव्य मंगल प्रवेश हुआ। श्रमण संघ कपासन संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि महावीर नवयुवक मण्डल ने धमाना से विहार सेवा का लाभ लिया। लिंकन के बालाजी से श्रावक-श्राविकाओ द्वारा भव्य जुलुस रूप में आदर्श कॉलोनी तेरापंथ भवन में जयकारो के साथ साध्वी का मंगल प्रवेश कराया गया। यहां महासाध्वी 30 जुन सुबह 9 बजे चार्तुमासिक प्रवेश के लिए प्रस्थान कर नगर के चुंगी नाका, पांचबत्ती चौराहा, गाँधी चोक, सदर बाजार, नया बाजार से अम्बेश भवन मे आध्यात्मिक चार्तुमास के लिए प्रवेश करेंगे। साथ ही चार माह तक एक ही स्थान पर रहकर तप त्याग धर्म आराधना आदि कार्यक्रम के साथ चार्तुमास एतिहासिक होगा। इस अवसर पर शंकरलाल लोढा, अनील बाघमार, रूपलाल डांगी, हेमंत सिरोया, निर्मल सांवला, अनिल दुग्गड़, अशोक बापना, राजेश खाब्या, प्रदीप चण्डालिया, तेरापंथ संघ अध्यक्ष अजय सुराणा, मंत्री चांदमल गोखरू, युवा मण्डल सदस्य अविनाश दुग्गड, आशीष आंचलिया, महिला मण्डल अध्यक्ष प्रिंयका दुग्गड़, मंत्री सुनिता सांवला आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। प्रभावना विमल कुमार ओमप्रकाश चण्डालिया की ओर से रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला ग्राम पंचायत में राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायतवार शिविरों का जिले में आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत चौमहला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी कानूनगो मनोज यादव मंडी राजेंद्र पर ने बताया कि राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में चिकित्सा विभाग के सी एच सी प्रभारी डॉ राजकुमार बघेला द्वारा 15 नि क्षय मित्र योजना के तहत पोषण किट वितरित किए गए, मौके पर ही ओपीडी देखी गई, एनसीडी स्क्रीनिंग की गई आए मरीजों की बीपी, शुगर की जांच की गई। बच्चों का टीकारण किया गया।एवं मरीजों को दवाइयां दी गई। खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत 70 पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी की गई। जिनके आधार वेरिफिकेशन बाकी थे वो किए गए। शिविर में, 5 सीमा ज्ञान पैमाईश, चार विक्रय प्रत्र, पेंशन, के मामलों का निस्तारण किया गया, एक गोलखेड़ी का आपसी सहमति का बटवारा करवाया जो लम्बे समय से चल रहा था, खाद्य सुरक्षा जांच रिपोर्ट का प्रमाणीकरण किया गया। इस दौरान तहसीलदार जतिन दिनकर, सरपंच प्रेमलता भंडारी, ग्राम विकास अधिकारी उम्मेद सिंह, विद्युत विभाग सहायक अभियंता मानवेंद्र सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ राजकुमार बघेला, प्रहलाद प्रजापत, एसएचएस, सुमन यादव, मय स्टाफ, पटवारी सुमन चौधरी, पटवारी, सुनिल कुमार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# वार्ड 45 की समस्याओं पर पार्षद का अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा के वार्ड संख्या 45 की जनता पिछले लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रही है। क्षेत्र की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं, सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जल आपूर्ति अनियमित बनी हुई है और अवैध निर्माण कार्य बेधड़क जारी हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर वार्ड पार्षद वसीम शेख बीते तीन वर्षों में दस से अधिक बार नगर निगम प्रशासन को लिखित रूप से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन बार-बार निवेदन के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पार्षद वसीम शेख ने चेतावनी दी है कि यदि नगर निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई, तो वे जनता के साथ मिलकर नगर निगम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। वार्ड 45 के नागरिकों के अनुसार क्षेत्र में सीसी सड़कें जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो



चुकी हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। सफाई कर्मचारियों की भारी कमी के कारण गंदगी का ढेर जगह-जगह फैला हुआ है। वहीं कई अवैध कॉम्पलेक्सों का निर्माण बिना किसी अनुमति के चल रहा है, लेकिन प्रशासन इस पर मौन है। रात के समय सड़क लाइटों के अभाव में अंधेरा और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। पार्षद ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा है और जनप्रतिनिधि की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में गुरुवार को नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, महापौर राकेश पाठक और अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र परीक, पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल, पार्षद श्यालाल मल्होत्रा, शाबीर शेख, इरशाद अंसारी, मोहम्मद हारून रंगरेज, सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी, इरफान शेख, बाबू भाई, चंद्र शेखर, छोटू भाई काजी, अल्ताफ शेख, शाहीद अली सैय्यद, मोनब वकील सहित अनेक नागरिक शामिल रहे। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन पार्षद वसीम शेख की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए ठोस कार्यवाही करता है या फिर वार्ड 45 की जनता को एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

## आसाढी अमावस्या पर कपासन के श्री यशोदानंद नंदेश्र्वर मंदिर में पितर प्रसन्ना महापर्व 2025 मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पितर प्रसन्ना महापर्व 2025 आसाढी अमावस्या बुधवार 25 जून को पंचायत समिति के समीप स्थित श्री यशोदानंद नंदेश्वर मन्दिर परिसर में भजन, किर्तन, दान पुन्यादि कार्यक्रमो का आयोजन कर मनाया गया। श्री यशोदानंद नंदेश्वर सत्संग मण्डल प्रवक्ता आशा मोदी ने बताया कि पितर प्रसन्ना महापर्व 2025 आसाढी अमावस्या बुधवार 25 जून को पंचायत समिति कार्मिक संतोष गुप्ता के संयोजन में श्री यशोदानंद नंदेश्वर मन्दिर परिसर में भजन,किर्तन,दान पुन्यादि कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमे गणपति पुजन बाद मनमोहक धार्मिक गीत एवं भजन प्रस्तुत किये गये।जिससे चहुंओर भक्तिमय माहौल का संचार होता रहा। इस दौरान कार्यक्रम में पंचायत समिति कपासन के कैलाश गर्ग सिंहपुर, प्रियंका शर्मा, मंजू खण्डेलवाल, बिंदु बारेगामा, चन्दा शर्मा, सुनिता शर्मा, उर्मिला मोदी, सीमा विजय,सीमा कुमावत, चित्रा खण्डेलवाल, सुशीला बारेगामा, सुलोचना, सुशीला आंचलिया, सीमा बारेगामा, राजकुमारी विजय, नीमा विजय, मंजू मुन्दडा, बरद कुंवर,रेखा बारेगामा, प्रेममेनारिया, नीलु, कैलाश, विजय, सोहन बारेगामा आदि भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन अग्रवाल आज एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा में

### जिला स्तरीय भाजपा संगठनात्मक बैठक एवं कोर कमेटी बैठक लेंगे

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल, भाजपा जिला कार्यालय भीलवाड़ा पर 27 जून शुक्रवार प्रातः 9.30 बजे संगठनात्मक बैठक लेंगे जिसमें जिले के प्रमुख पार्टी पदाधिकारी एवं प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ जिले की एक विशेष संगठनात्मक बैठक लेंगे बैठक के पश्चात पार्टी की जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित होगी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा सहित जिले के समस्त विधायक एवं अपेक्षित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियो कि गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# हरिशेवा उदासीन आश्रम में सतगुरु बाबा हरिराम साहब जी की 78वीं वर्सी उत्सव की भक्ति पूर्ण शुरुआत

### श्रीरामायण का अखंड पाठ प्रारम्भ, 27 जून को होगी धर्मध्वजा (झंडा साहिब) की स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में सतगुरु बाबा हरिराम साहब जी की 78वीं वार्षिक वर्सी का चार दिवसीय भक्ति महोत्सव गुरुवार, 26 जून को एकम तिथि के शुभ अवसर पर श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ आरम्भ हुआ। उत्सव की शुरुआत प्रातःकाल आश्रम परिसर स्थित सतगुरुओं की समाधियों, दरबार साहब व आसण साहब पर शीश नवाने एवं प्रार्थना के साथ हुई। वैदिक ब्राह्मण मंडलियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात श्रीरामायण का अखंड पाठ विधिवत प्रारम्भ किया गया, जिसमें संत-महात्माओं की दिव्य उपस्थिति रही। सत्संग प्रवचनों की श्रृंखला में पुष्कर से पधारे श्रीमहंत हनुमानराम उदासीन ने भावभीना



भजन हरदम तोखे याद कयूं था सजण सुबू ऐंहि शाम हलीया संत सचा हरिराम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने भजन ऐसी किरपा मोहे करो, सन्तन चरण हमारो माथा के माध्यम से सतगुरुओं की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालुओं को प्रभु चरणों में नतमस्तक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने आधुनिक समय में बच्चों में घटते धार्मिक संस्कारों पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति की ओर प्रेरित करें। इस पावन अवसर पर श्रीसीताराम गौशाला में गौसेवा, अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। संतों व विप्रजनों के लिए विशेष प्रसादी भोज का आयोजन भी किया गया।

## भाजपा नगर मंडल कपासन के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** संकल्प से सिद्धि अभियान के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत कपासन नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित संरक्षित वन क्षेत्र में विधायक अर्जुनलाल जीनगर के नेतृत्व एवं विधानसभा संयोजक जिनेंद्र कोठारी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में सीताफल, सहजन आदि फलदार एवं औषधियुक्त पौधे लगाये गये। भाजपा नगर मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि इस कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, जिला मंत्री करनल सिंह, पार्षद पुष्पा वैष्णव, महबूब शाह, मंडल उपाध्यक्ष चेतन शर्मा, मंडल मंत्री राकेश आचार्य, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, एससी मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष अरुण कोदली, बुथ अध्यक्ष भगवतीलाल आचार्य, हसमुख टेलर, संजय चोटिया, प्रतीक वैष्णव, ओंकार लाल गाडरी आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## राम कथा में चौपाई के माध्यम से बताया जीवन में कोई किसी को दुख नहीं देता सब अपने ही कर्मो का फल भोगते हैं : कथावाचक गौरव कृष्ण तिवारी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के श्री मालन मासी बालाजी मंदिर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के अष्टम दिवस पर उज्जैन के कथावाचक गौरव कृष्ण तिवारी ने जीवन के कर्मों के फल और भगवान के संदेश को स्पष्ट किया। उन्होंने चौपाई के माध्यम से बताया, काहू नहीं कोऊ सुख-दुख कर दाता, निज कृत कर्म भोग सब भ्राता—इसका अर्थ है कि जीवन में कोई किसी को दुःख नहीं देता, हम अपने ही कर्मों का फल भोगते हैं। कथा में श्री राम जी के वनवास का वर्णन करते हुए बताया कि जब वे और उनके साथियों ने अयोध्या छोड़ दी, तो मार्ग में निषाद राज ने उनका सत्कार किया और राम जी ने चरण धोकर केवट से नाव में सवार होकर गंगा पार की। राम जी के वनवास के दौरान, उनके परिवार और अयोध्या में क्या हुआ, इसकी भी चर्चा की गई। राजा दशरथ के निधन के बाद भरत ने राम जी की चरण पादुका को सिंहासन पर रखा और नंदीग्राम में निवास किया।

# शामगढ़ से सांवलियाजी निकले साइकिल यात्री सिसोदिया का स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** शामगढ़ निवासी हंसमुख मिलनसार राजेंद्र कुमार सिसोदिया साइकिल द्वारा सांवलियाजी की यात्रा संपन्न कर पुनः सांवलियाजी से साईकिल द्वारा शामगढ़ जाते समय यहां निंबाहेड़ा पहुंचने पर इंटरनेशनल फेसबुक फ्रेंड्स अवार्ड एंड सेमिनार की ओर से डॉ शोकीन वर्मा के संयोजन में स्वागत किया गया। पोलिटिकल टाइम्स इंडिया कार्यालय पर डॉ शोकीन वर्मा, सुरेश बैरागी, संदीप नागोरी, जावेद खान, आमिर खान, भागीरथ बैरागी आदि ने फूल माला, शाल एवं राष्ट्रीय तिरंगा पटका पहना कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व श्रीजी इलेक्ट्रिकल पर शिवनारायण शारदा, दिलीप मालू, कमल मुनेत, महेश शारदा, प्रकाश चारण (मल्ला), नर्मदा देवी शारदा, साधना मालू, शिव करण चारण (डोरिया)ने गले में माला धारण कराकर वह मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। अंत में सहृदय से सिसोदिया ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यात्रा एक ऐसा बहाना है जहां मंदिर दर्शन के साथ जगह जगह नए पुराने लोगों से मिलना हो जाता है जो यही जिन्दगी की रीत है और जिनको सिर्फ फेसबुक पर देखा आज साक्षात मिलने से सामाजिक समरसता मजबूत हुई।

## मातेश्वरी जगदंबा का 60वाँ पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**कपासन ( नि.स. )।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र पर गुरुवार को मातेश्वरी जगदंबा का 60वाँ पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमे चित्तौड़गढ़ सेवा केंद्र प्रभारी ने कहाकि मातेश्वरी जगदंबा का जन्म 1919 तथा बचपन का नाम ओम राधे था।इसीलिए ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई। नगर कपासन सेवा केंद्र संचालिका बीके मधु बहन ने कहाकि हम अपने जीवन को मातेश्वरी जगदंबा के आदर्शो को आत्मसात करके उनके जैसा बन सकते हैं।कार्यक्रम में मातेश्वरी जगदंबा को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रेम सोलंकी, टीना, लीला, नियति, पार्वती टेलर, कृष्णा सोमानी, मधु टेलर, संगीता लाहोटी, सुमन दाधीच आदि उपस्थित रहे।

"जीवन को असल में केवल वही जीते है जो मृत्यु को सहज स्वीकार कर सकते हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## भारत ने संयुक्त एससीओ वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से क्यों किया इनकार? विदेश मंत्रालय ने बताई असली वजह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत चाहता था कि दस्तावेज़ में चिंताओं और आतंकवाद को दर्शाया जाए, जो एक विशेष देश को स्वीकार्य नहीं था। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इन 11 देशों से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आने का आह्वान कियाविदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान नहीं अपनाया जा सका, क्योंकि आम सहमति नहीं बन सकी, खासकर आतंकवाद के मुद्दे पर। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री ने एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। यह बैठक दो दिनों तक चली और समाप्त हो गई। वे संयुक्त वक्तव्य को स्वीकार नहीं कर सके। कुछ सदस्य देश कुछ मुद्दों पर आम सहमति तक नहीं पहुंच सके, और इसलिए, दस्तावेज़ को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत चाहता था कि दस्तावेज़ में चिंताओं और आतंकवाद को दर्शाया जाए, जो एक विशेष देश को स्वीकार्य नहीं था। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इन 11 देशों से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आने का आह्वान किया... उन्होंने यह भी दोहराया कि सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के निंदनीय कृत्यों के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों, प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिदृश्य में एससीओ की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि समूह दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है और वैश्विक आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा यहीं रहता है। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता को एक साझा जिम्मेदारी बताया जो सदस्य देशों में प्रगति को गति दे सकती है और जीवन को बेहतर बना सकती है।



## ईरान से 272 भारतीयों, 3 नेपाली नागरिकों को विमान लेकर पहुंचा दिल्ली



बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंधु के तहत 3426 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया है। भारत ने बुधवार को ईरान से 296 भारतीय नागरिकों और चार नेपाली नागरिकों को निकाला था। भारत ने मंगलवार को ईरान और इज़राइल से 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला था।

भारत ने इजरायल के साथ संघर्ष के बाद ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को निकाला है। उन्हें लेकर एक विशेष विमान ईरानी शहर मशहद से आधी रात के बाद दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत 272 भारतीय और 3 नेपाली नागरिकों को ईरान से एक विशेष उड़ान के जरिए निकाला गया, जो 26 जून को 00ः01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची। ऑपरेशन सिंधु के तहत 3426 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया है। भारत ने बुधवार को ईरान से 296 भारतीय नागरिकों और चार नेपाली नागरिकों को निकाला था। भारत ने मंगलवार को ईरान और इज़राइल से 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला था।

इसने भारतीय वायुसेना के सी-17 भारी-भरकम विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से वापस लाया है, जिन्हें स्थल पारगमन बिंदुओं के माध्यम से इजराइल से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था। इसके अलावा, 161 भारतीयों को अम्मान से एक चार्टर्ड विमान से वापस लाया गया, जो सड़क मार्ग से इजरायल से जॉर्डन की राजधानी पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, दो चार्टर्ड उड़ानों में कुल 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। पिछले कई दिनों में ईरान से निकाले गए भारतीय नागरिकों को कई अन्य उड़ानों से वापस लाया गया है। एक सप्ताह से भी अधिक समय पहले शत्रुता शुरू होने के बाद से इजरायल और ईरान ने एक-दूसरे के शहरों और सैन्य और रणनीतिक सुविधाओं पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोनों को दागा है। सुबह अमेरिका द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी के बाद तनाव काफी बढ़ गया।

## शिक्षा मंत्री ने ग्राम पंचायतों में किया स्वच्छता और मनरेगा कार्यों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को जिले की सूरतगढ़ और श्रीगंगानगर पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। साहिबसिंहवाला ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।इससे पूर्व सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत करडू और देईदासपुरा में स्वच्छता और मनरेगा कार्यों सहित अन्य गतिविधियों का निरीक्षण कर शिक्षा मंत्री ने पर्याप्त सफाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। ग्रामवासियों से सफाई व्यवस्था की जानकारी लेकर उन्होंने कहा कि निरंतर निरीक्षण और निर्देश देने के बाद भी अधिकारी गांव में प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं हैं।

# युद्धविराम के बाद पहली बार बोले खेमनई, ईरान ने अमेरिका के मुँह पर तमाचा मारा, ट्रंप नहीं सुधरे तो बड़ी कीमत चुकाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान (एजेंसी)।** बताया जा रहा है कि खामेनेई का रिकॉर्डेड बयान सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित किया गया। पिछली बार की तरह वह इस बार भी एक अज्ञात स्थान से बोल रहे थे, जहां उनके पीछे एक भूरे रंग का पर्दा, एक ईरानी झंडा और उनके पूर्ववर्ती रूहोल्लाह खोमैनी की तस्वीर थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने युद्धविराम के बाद अपने पहले संबोधन में कहा है कि उनके देश ने 'अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है%। खामेनेई ने साथ ही कहा कि यदि अमेरिका भविष्य में कोई हमला करता है तो ईरान मध्य पूर्व में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करके जवाब देगा। 86 वर्षीय खामेनेई ने कहा कि ईरान पर किया गया कोई भी हमला बहुत भारी कीमत लेकर आएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान ने क्षेत्र में अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य अड्डे (क़तर में स्थित) पर हमला किया था, जब वॉशिंगटन ने इज़राइली हमलों में भाग लिया था। ईरान और इज़राइल के बीच युद्धविराम के बाद टेलीविज़न पर देश को पहली बार संबोधित करते हुए खामेनेई ने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अमेरिका को तमाचा मारा। हमने क्षेत्र में अमेरिका के एक महत्वपूर्ण ठिकाने पर हमला किया।%%

बताया जा रहा है कि खामेनेई का रिकॉर्डेड बयान सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित किया गया। पिछली बार की तरह वह इस बार भी एक अज्ञात स्थान से बोल रहे थे, जहां उनके पीछे एक भूरे रंग का पर्दा, एक ईरानी झंडा और उनके पूर्ववर्ती रूहोल्लाह खोमैनी की तस्वीर थी। उन्होंने



आगे कहा, यह कोई छोटी घटना नहीं है कि इस्लामी गणराज्य की क्षेत्र में अमेरिका के महत्वपूर्ण केंद्रों तक पहुंच है और वह जब चाहे उन पर कार्रवाई कर सकता है। यह एक बड़ी घटना है और यदि भविष्य में हमला हुआ, तो यह घटना फिर से हो सकती है। हम आपको यह भी बता दें कि खामेनेई का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान फिर से अपने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को शुरू करता है तो अमेरिका फिर से हमला करेगा।

इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने देशभर में आंतरिक सुरक्षा पर कड़ा नियंत्रण करना शुरू कर दिया है, जिसमें बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियाँ, फांसी की सज़ाएँ और सैन्य तैनाती शामिल हैं। यह सब खासतौर पर अशांत कुर्द क्षेत्र में चल रहा है। बताया जा रहा है कि ईरानी सुरक्षा बलों ने व्यापक गिरफ्तारियों का अभियान शुरू कर दिया है। सड़कों पर सुरक्षा बलों की ज्यादा उपस्थिति नजर आ रही है और जगह-जगह चेकप्वाइंट्स बनाए गए हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड और बसीज अर्धसैनिक बलों को अलर्ट पर रखा गया है और आंतरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मीडिया रिपोर्टों में ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अधिकारी इज़राइली एजेंटों, जातीय अलगाववादियों और निर्वासित विपक्षी संगठन पीपुल्स मुजाहिदीन ऑर्गनाइजेशन से खतरे को लेकर चिंतित हैं, जिसने पहले भी ईरान के भीतर हमले किए हैं। इस बीच, ईरानी मानवाधिकार समूह ।।ऋ्र ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 700 से ज्यादा लोगों को राजनीतिक या सुरक्षा आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कई लोगों पर इज़राइल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि तुर्की सीमा के पास उर्मिया में तीन लोगों को जासूसी के आरोप में फांसी दी गई।

एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी, इराकी और अज़रबैजानी सीमाओं पर ज्यादा सैनिकों को तैनात किया गया है, ताकि आतंकवादियों की घुसपैठ को रोका जा सके। हम आपको बता दें कि ईरान के ज़्यादातर सुन्नी मुस्लिम कुर्द और बलूच अल्पसंख्यक लंबे समय से इस्लामी गणराज्य के शासन का विरोध करते रहे हैं और तेहरान की फारसी-भाषी शिया सरकार के खिलाफ असंतोष जताते रहे हैं।

## भारतीय से ज्यादा पाकिस्तानी... हिंदू धर्म को मिटाने के लिए तैयार, कंगना रनौत का ज़ोहरान ममदानी पर कटाक्ष

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभिनेता से राजनेता बनीं कंगना रनौत ने ज़ोहरान ममदानी के लिए ट्विटर पर उनके बारे में विचार साझा किए, उनके नाम पर टिप्पणी की और कहा कि वह उनके हिंदू विरोधी रुख को मानते हैं।

मीरा नायर के बेटे ज़ोहरान ममदानी भले ही न्यूयॉर्क शहर के मेयर की कुर्सी की उम्मीद कर रहे हों, लेकिन अगर यह मायने रखता है तो उनके पास कंगना रनौत का वोट नहीं है। अभिनेता से राजनेता बनीं कंगना रनौत ने ज़ोहरान ममदानी के लिए ट्विटर पर उनके बारे में विचार साझा किए, उनके नाम पर टिप्पणी की और कहा कि वह उनके हिंदू विरोधी रुख को मानते हैं। कंगना ने एक ट्वीट को फिर से शेयर किया जिसमें दावा किया गया था कि कैसे ज़ोहरान ने एक बार टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शनकारियों की भीड़



का नेतृत्व किया था, जिसमें हिंदुओं को कमीना कहा गया था और भगवान राम को गालियाँ दी गई थीं, जिनकी पूजा हिंदू करते हैं। कंगना रनौत ने एक एक्स पोस्ट को फिर से शेयर किया, जिसमें ज़ोहरान ममदानी का एक थ्रोबैक वीडियो था, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने एक बार टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शनकारियों की भीड़ का नेतृत्व किया था, जिसमें हिंदुओं को कमीना कहा गया था और भगवान राम को गालियाँ दी गई थीं, जिनकी पूजा हिंदू करते हैं। इस बहस में उतरते हुए, कंगना रनौत ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ममदानी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान पर हमला किया। रनौत ने कहा कि ममदानी मीरा नायर के बेटे हैं, हमारे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक, पद्मश्री...महान भारत में जन्मी और पली-बढ़ी मशहूर बेटी, लेकिन वह भारतीय से ज़्यादा पाकिस्तानी लगते हैं।

### ज़ोहरान ममदानी कौन हैं?

भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता मीरा नायर के 33 वर्षीय बेटे ज़ोहरान ममदानी डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट ऑफ़ अमेरिका द्वारा समर्थित एक स्वघोषित समाजवादी हैं।
न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए उनके प्रयास को डेमोक्रेटिक पार्टी की दिशा के लिए एक निर्णायक क्षण के रूप में देखा जा रहा है।

## दिल्ली में बैठकर बिहारियों का मजाक उड़ाते हैं और यहां आकर उपदेश देते हैं... राहुल गांधी पर प्रशांत किशोर का वार

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी ने बिहार के किसी गांव में एक रात भी बिताई है? वो दिल्ली में बैठकर बिहारियों का मजाक उड़ाते हैं और फिर यहां आकर हमें उपदेश देते हैं।



बिहार चुनाव को लेकर सियासत तेज है। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी जोरों-शोरों से चुनाव प्रचार कर रही है। प्रशांत किशोर भी लगातार अपने विरोधियों पर जमकर निशाना साध रहे है। वहीं, एएनआई से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी ने बिहार के किसी गांव में एक रात भी बिताई है? वो दिल्ली में बैठकर बिहारियों का मजाक उड़ाते हैं और फिर यहां आकर हमें उपदेश देते हैं।

प्रशांत किशोर ने दावा किया कि सीएम बनने के बाद रेवंत रेड्डी ने कहा था कि मजदूर करना बिहारियों के डीएनए में है... वो कहते हैं कि बिहारी मजदूरी करने के लिए पैदा हुए हैं और फिर बिहार में आकर उन्हें उपदेश देते हैं?... राजीव गांधी ने 1989 में गांधी मैदान से घोषणा की थी कि वो बिहार के विकास के लिए 50,000 करोड़ रुपये देंगे... वो पैसे कहां गए?... उसके बाद 15 साल तक कांग्रेस केंद्र में सत्ता में रही। तब उन्होंने बिहार के लिए क्या किया?

आगामी बिहार चुनाव में कांग्रेस को कितने वोट मिलने का अनुमान है, यह पूछे जाने पर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि जितना लालू जी भीख में देंगे। बिहार में कांग्रेस का कोई स्टैंड नहीं है। यह वो पार्टी है जो पिछले 25-30 सालों से लालू यादव के इशारे पर चल रही है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी में राजनीतिक हिम्मत है तो उन्हें बिहार में अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहिए। या फिर उन्हें लालू यादव से बराबर सीटें मांगनी चाहिए।

## मेडिकल अनफिट ड्राइवर राजस्थान में बस चला रहे

### रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा- रोडवेज का यह आदेश यात्रियों की जान खतरे में डालने वाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अनफिट ड्राइवर्स को रूट पर चलाने के रोडवेज के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने यह रोक छतर सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए लगाई।अदालत ने कहा- रोडवेज का यह आदेश यात्रियों की जान खतरे में डालने वाला है। याचिका में कहा गया था कि अलवर चीफ मैनेजर ने बिना मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनफिट ड्राइवर्स की रूट पर ड्यूटी लगा दी है। जबकि नियमों के तहत मेडिकल अनफिट ड्राइवर को हैवी ड्यूटी (बस चलाने की) नहीं दी जा सकती



हैं। उन्हें लाइट ड्यूटी जैसे बुकिंग विंडो, टाइम कीपर, सुरक्षा गार्ड, मेंटिनेंस और लिपिकीय कार्य में लगाया जा सकता है।

### किसी के पांव तो किसी के हाथ में रॉड

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए वकील विनायक जोशी ने रोडवेज के आदेश को अमानवीय बताया। उन्होंने कहा- याचिकाकर्ता रोडवेज में चालक के पद पर कार्यरत हैं। वे सालों से रूट पर चल रहे थे। लेकिन एक्सीडेंट की वजह से किसी के पांव तो किसी के हाथ में रॉड डली हुई हैं।मुख्यालय के भी आदेश है कि ऐसे अनफिट ड्राइवर्स को हैवी ड्यूटी देने से पहले मेडिकल बोर्ड से जांच करवाई जानी चाहिए। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही इनकी हैवी ड्यूटी लगाई जा सकती है। लेकिन अलवर चीफ मैनेजर ने बिना मेडिकल बोर्ड की जांच के ही ड्राइवर्स की ड्यूटी लगा दी।ऐसा करके वो नियमों की तो अवहेलना कर रहे हैं, वहीं आम यात्रियों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं।

### रोडवेज एमडी हुए पेश

दरअसल, पिछली सुनवाई पर नोटिस तामील होने के बाद भी रोडवेज की ओर से किसी के पेश नहीं होने पर हाईकोर्ट ने आज रोडवेज एमडी को तलब किया था। इसके बाद आज रोडवेज एमडी पुरुषोत्तम शर्मा वीसी के जरिए कोर्ट में उपस्थित हुए।
रोडवेज एमडी ने पिछली सुनवाई पर किसी के पेश नहीं होने पर अपना स्पष्टीकरण दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। रोडवेज के वकील ने कहा कि मेडिकल अनफिट ड्राइवर्स की रूट पर ड्यूटी लगाने वाले अधिकारी के खिलाफ हम कार्रवाई कर रहे हैं।

## खाद्य मंत्री ने वास्तविक पात्रों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने और नियमित मॉनिटरिंग के अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने निर्देश दिए कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन की हर स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए। श्री गोदारा गुरुवार को कोटपुतलीङ्कबहरोड़ कलेक्ट्रेट सभागार में अपने विभाग के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

# अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में आई 10 प्रतिशत की गिरावट, एलजी बोले- सुरक्षा के किए जा रहे पूरा इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा कि 22 अप्रैल की घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद पंजीकरण में कमी आई। पिछले साल की तुलना में पंजीकरण में 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा कि 22 अप्रैल की घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद पंजीकरण में कमी आई। पिछले साल की तुलना में पंजीकरण में 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है।

उपराज्यपाल ने कहा कि पहलगाम क्षेत्र के बैसरन में हुए हमले से पहले करीब 2.36 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षा बलों द्वारा उठाए गए कदमों के कारण तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पंजीकरण में फिर



से तेजी आई है। सिन्हा ने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने 22 अप्रैल से पहले यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले तीर्थयात्रियों से दोबारा सत्यापन कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।उन्होंने कहा कि अब तक 85000 तीर्थयात्रियों ने अपने पंजीकरण की पुष्टि की है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पंजीकरण में तेजी आएगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या आतंकी हमले ने इस साल अमरनाथ यात्रा को प्रभावित किया है, सिन्हा ने कहा कि इसने पूरे जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी को प्रभावित किया है। सिन्हा ने यह भी कहा कि काफिला लखनपुर से शुरू होगा और यात्रा भगवती नगर से शुरू होगी। हम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काफिले के साथ यात्रा करने वाले सभी लोगों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। मैं निजी वाहन से यात्रा के लिए आने वाले लोगों से भी काफिले के साथ यात्रा करने का अनुरोध करता हूं।

उन्होंने कहा कि इस बार हेली सेवाएं बंद कर दी गई हैं... श्राइन बोर्ड और प्रशासन मिलकर यात्रियों, पोनीवालों और पिट्ठूवालों का बीमा करवाते हैं। मेरा आग्रह है कि देश में यह संदेश जाए कि कश्मीर के लोगों की मेहमाननवाजी का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। वार्षिक अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए इस बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 180 कंपनी तैनात की गई हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में 30 अधिक हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार